

दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -134 जबलपुर, रविवार 21 जून 2026 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# जबलपुर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, 3000 से ज्यादा जवान तैनात, योग दिवस, आरडीवीवी दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल





जबलपुर. (नगर प्रतिनिधि) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम अपने दो दिवसीय प्रवास पर जबलपुर पहुंच गई हैं. वे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरपोर्ट से डुमना एयरपोर्ट पहुंचीं. डुमना एयरपोर्ट पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल उनका स्वागत किया. इस दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

महामहित राष्ट्र्रपति के आगमन को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं. सुरक्षा व्यवस्था के तहत करीब 3000 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं. डुमना एयरपोर्ट से सर्किट हाउस, गैरिसन ग्राउंड और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तक पूरे रूट पर पुलिस बल की तैनाती की गई है. राष्ट्रपति शनिवार रात सर्किट हाउस क्रमांक-1 में विश्राम करेंगी.

**सुबह योग दिवस कार्यक्रम में होंगी शामिल**

रविवार 21 जून को राष्ट्रपति सुबह 7.05 बजे सर्किट हाउस से सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड के लिए रवाना होंगी. वे सुबह 7.20 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी और सुबह 7.30 बजे से आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी. कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा और स्वास्थ्य तथा योग के महत्व का संदेश दिया जाएगा. योग दिवस कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति सुबह 8.35 बजे गैरिसन ग्राउंड से वापस सर्किट हाउस लौटेंगी.दीक्षांत समारोह में देंगी उपाधियां और स्वर्ण पदक- इसके बाद राष्ट्रपति सुबह 11.30 बजे सर्किट हाउस से रवाना होकर 11.40 बजे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पहुंचेंगी. यहां वे सुबह 11.50 बजे से दोपहर 12.50 बजे तक आयोजित विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी. समारोह के दौरान अलग-अलग संकायों के विद्यार्थियों को उपाधियां और स्वर्ण पदक दिए जाएंगे. हालांकि दीक्षांत समारोह को लेकर पहले से विवाद भी चल रहा है, क्योंकि कई शोधार्थियों और स्वर्ण पदकधारियों ने मंच पर सम्मान नहीं मिलने को लेकर विरोध दर्ज कराया है.

**दोपहर में ग्वालियर के लिए रवाना होंगी-**

दीक्षांत समारोह के समापन के बाद राष्ट्रपति दोपहर 12.50 बजे विश्वविद्यालय से डुमना एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी. वे दोपहर 1.10 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगी और दोपहर 1.20 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी.

**प्रशासन के लिए री-नीट बना दोहरी चुनौती-**

रविवार को जबलपुर प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती रहेगी. एक ओर राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की सुरक्षा व्यवस्था संभालनी है, वहीं दूसरी ओर री-नीट परीक्षा भी आयोजित करानी है. जिले में नीट परीक्षा के लिए 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 10 हजार से ज्यादा विद्यार्थी परीक्षा देंगे. राज्य सरकार के निर्देश पर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी कलेक्टर को सौंपी गई है.

**15 किलोमीटर क्षेत्र नो फ्लाई जोन घोषित-**

राष्ट्रपति के जबलपुर प्रवास को देखते हुए सुरक्षा कारणों से डुमना विमानतल, सर्किट हाउस क्रमांक-1, एमईएस रेस्ट हाउस, गैरिसन ग्राउंड, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय और पूरे वीवीआईपी रूट के 15 किलोमीटर दायरे को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है. पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के प्रतिवेदन पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने यह आदेश जारी किया है. प्रतिबंधित क्षेत्र में ड्रोन, यूएवी, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून, पतंग और अन्य उडने़ वाली वस्तुओं के संचालन पर पूरी तरह रोक रहेगी.

## मुख्यमंत्री डॉ यादव का डुमना विमानतल पर आत्मीय स्वागत



जबलपुर(नगर प्रतिनिधि)-मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज शनिवार की रात 9:30 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना विमानतल पहुंचे। डुमना विमानतल पर मुख्यमंत्री का स्वागत उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री अशोक रोहाणी, विधायक श्री सुशील कुमार तिवारी इंदु, विधायक डॉ अभिलाष पांडे, विधायक श्री संतोष वरकडे, विधायक श्री नीरज सिंह, मध्यप्रदेश तीर्थ क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विनोद गोटिया, जेडीए के उपाध्यक्ष श्री प्रशांत केशरवानी, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे, भाजपा के नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, भाजपा के ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, भाजपा निःशक्तजन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री संदीप रजक, पूर्व मंत्री श्री अंचल सोनकर, श्री शरद जैन एवं श्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, पूर्व विधायक श्री नीलेश अवस्थी, श्री पंकज दुबे, श्री सोनू बचवानी ने किया।

### महाराष्ट्र के परभणी में बड़ा हादसा

# मारुति मंदिर में सभा मंडप की छत ढही, 5 की मौत और 40 घायल



महाराष्ट्र-(आरएनएस)। हाराष्ट्र के परभणी जिले के यशवाड़ी गांव में शनिवार, 20 जून को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां स्थित एक हनुमान मंदिर के सभा मंडप का स्लैब अचानक गिर गया। इस दर्दनाक हादसे में 5 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि 40 अन्य लोग घायल हुए हैं।

पीटीआई के मुताबिक, यह गांव छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 190 किलोमीटर दूर मानवत रोड पर स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होने के कारण दोपहर के समय मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी हुई थी। तभी दोपहर करीब 3:30 बजे सभा-मंडप की छत अचानक भरभराकर जमींदोज हो गई, जिससे वहां मौजूद कई श्रद्धालु मलबे में दब गए।घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, जिला प्रशासन और राहत-बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए मौके पर कई एम्बुलेंस तैनात की गईं।

25 लोग सुरक्षित निकाले गए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक मलबे के नीचे से लगभग 25 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। राहत और बचाव का कार्य अभी भी जारी है ताकि मलबे में दबे अन्य लोगों को जल्द से जल्द निकाला जा सके। स्थानीय प्रशासन घायलों के समुचित इलाज और राहत कार्यों की लगातार निगरानी कर रहा है।

# जबलपुर में योग दिवस की तैयारियों के गैरिसन ग्राउंड में हादसा, तेज आंधी के बीच गिरा मंच का शेड और बोर्ड, तीन घायल





जबलपुर.(नगर प्रतिनिधि) एमपी के जबलपुर में गैरिसन ग्राउंड में आयोजित होने वाले योग दिवस की तैयारियों के बीच चली तेज आंधी से मंच का शेड व बोर्ड गिर गया. इस दुर्घटना में वहां काम कर रहे 2 मजदूर और 1 अन्य कार्यकर्ता गंभीर रूप से मलबे के नीचे दब गए. जिससे भोपाल निवासी कार्यकर्ता साजिब खान के शरीर पर गंभीर चोट आई है. जबकि नीचे काम कर रहे 2 अन्य मजदूरों को हल्की चोटें आई है. जिन्हे तत्काल की नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया.सदर के गैरिसन ग्राउंड में योग दिवस के मुख्य आयोजन के लिए विशाल और आकर्षक मंच तैयार किया जा रहा था. आज शाम मंच का शेड भरभराकर गिर गया, जिससे शेड के नीचे काम कर रहे दो श्रमिक चपेट में आकर दब गए. शेड गिरते देख अन्य कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया, सभी लोग पहुंच गए और तीनों को मलबा हटाकर बाहर निकाला गया. वही दूसरी ओर मुख्य मंच के दाहिनी तरफ एक बड़ा और भारी प्लाईवुड का बोर्ड लगाया जा रहा था, जिस पर योगमय मध्य प्रदेश का मुख्य संदेश लिखा हुआ था. इस विशालकाय बोर्ड को खड़ा करते समय वह भी हवा के उसी तेज झोंके ने इसे पीछे से टक्कर मारी. संतुलन बिगडने़ के कारण यह भारी बोर्ड सीधे वहां काम कर रहे भोपाल निवासी कार्यकर्ता साजिब खान के ऊपर पलट गया. साजिब खान पूरी तरह से बोर्ड के वजन के नीचे दब गए. वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अन्य कार्यकर्ताओं ने आनन-फानन में बोर्ड को उठाकर साजिब को मुक्त कराया. इस हादसे में साजिब के पेट में गहरी अंदरूनी चोट आई है, जिसके कारण उन्हें अत्यधिक दर्द की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सकीय देखरेख में भेजा गया. घटना की खबर मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी गण मौके पर पहुंच गए थे.

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा का रखें ध्यान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने शनि मंदिर त्रिवेणी क्षेत्र में किया पौध-रोपण



भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने सिंहस्थ - 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शनि मंदिर त्रिवेणी क्षेत्र में 778 करोड़ रुपए राशि की लागत से किए जा रहे 29.15 किमी लंबे नवीन घाट निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाट निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सिंहस्थ - 2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। इससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का सिंहस्थ अनुभव सनातन संस्कृति के वैभव के अनुरूप हो। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने नवीन घाट निर्माण कार्य की विस्तार से जानकारी दी। एसीएस डॉ. राजौरा ने बताया कि 29.15 किमी नवीन घाट का निर्माण 778 करोड़ रुपए राशि से किया जा रहा है। नवीन घाटों पर श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए 150 से अधिक स्थान चिन्हित किए गए हैं। नवीन घाट निर्माण कार्य अंतर्गत 18.20 किमी लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा चुका है। लगभग 7 किमी नवीन घाट निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य तेजी से प्रगतिरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल, नगरीय आवास एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने शनि मंदिर त्रिवेणी क्षेत्र में नीम, रुद्राक्ष, पीपल के पौधे रोप कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हे कि प्रदेश वनों से आच्छादित रहे। कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण, टनल मे उतर कर देखी गुणवत्ता मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया। परियोजना के टनल भाग में उतरकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया।

### एमपी.में किन्नर गुटों का हाई-वोल्टेज ड्रामा

# सनातन के मुद्दे पर आमने-सामने आए दो ग्रुप; अशोकनगर में किन्नर गुरु के घर पुलिस का पहरा



अशोकनगर ।(आरएनएस)। जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच चल रहा वर्चस्व का विवाद अब खुलकर सड़कों पर आ गया है। काजल ठाकुर और चांदनी नायक ग्रुप के बीच शुरू हुई यह लड़ाई अब केवल इलाकों (गुरु गद्दी) के बंटवारे तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें सनातन बनाम गुरु-शिष्य परंपरा और जातिगत बयानों का एंट्री हो चुकी है।

एक ओर जहां काजल ठाकुर ने इस पूरे मामले को सनातन धर्म से जोड़कर नया मोड़ देने का प्रयास किया है, वहीं अशोकनगर की किन्नर गुरु चांदनी नायक ने पलटवार करते हुए कहा है कि किन्नर की कोई जाति या धर्म नहीं होता, किन्नर की स्वयं किन्नर ही जाति होती है और वे सभी धर्मों का सम्मान करती हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, कुछ समय पूर्व काजल ठाकुर ने मध्य प्रदेश के कई जिलों में अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए कई स्थानीय किन्नरों को अपने गुट में शामिल कर लिया था। इसके साथ ही उन्होंने सभी किन्नरों से सनातन धर्म में वापसी करने का आग्रह किया। जब यह मामला प्रदेश के किन्नर समाज के बीच पहुंचा, तो गुरु-शिष्य की सदियों पुरानी परंपरा को बचाए रखने के लिए अशोकनगर की किन्नर गुरु चांदनी नायक ने सबसे पहले मोर्चा खोला और काजल ठाकुर का जमकर विरोध किया। इस विरोध से बौखलाई काजल ठाकुर ने चांदनी नायक पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें %जिहादी% तक कह डाला। इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए चांदनी मौसी ने स्पष्ट किया कि उनका मकसद केवल अपनी परंपरा को बचाना है।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।। थाना केण्ट में सुबह अनुज कोरी उम्र 30 वर्ष निवासी तुलसी मोहल्ला वार्ड बाई का बगीचा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ई रिक्शा चलाता है अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 एमजेड 3394 में पत्नी पूजा कोरी, साली मन्नू बेन एवं बच्ची को बैठाकर पत्नी की बड़ी बहिन गुड़िया साहू के घर एपीएन स्कूल के पास मोदीवाड़ा सदर जा रहा था पत्नी दाहिने तरफबैठी थी रात लगभग 10 बजे अब्दुल हमीद चौक सदर पहुँचे तभी पत्नी अपनी बहिन से घर का पता पूछने के लिये मोबाइल से कॉल लगाई तभी पीछे से मोटर सायकल में एक व्यक्ति आया और उसकी पत्नी पूजा कोरी के गले से सोने का मंगलसूत्र एवं रियलमी कम्पनी का मोबाइल झपट्टा मारकर लूट कर

# इंजीनियर-डॉक्टर बनकर देश का नाम रोशन करें - राज्यपाल मंगुभाई पटेल





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने शनिवार को शास्त्री ब्रिज स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में संचालित भगिनी निवेदिता बालिका छात्रावास पहुंचकर आदिवासी छात्राओं से आत्मीय भेंट की और परिसर में औषधि पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, इंजीनियर और डॉक्टर बनकर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## आदिवासी छात्राओं से आत्मीय भेंट, ओषधि पौधरोपण किया

राज्यपाल श्री पटेल के आगमन पर छात्राओं तथा विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अखिलेश मिश्रा एवं प्रादेशिक सचिव डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने शाल एवं पुष्प भेंटकर उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल ने छात्रावास के कमरों का भ्रमण कर बालिकाओं से संवाद किया और उन्हें पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं से उनके परिवार और पढ़ाई-लिखाई के बारे में भी आत्मीयता से जानकारी ली।

छात्राओं से बातचीत के दौरान राज्यपाल ने कहा कि उनकी भी तीन बेटियां हैं और उनकी नातिन कंप्यूटर इंजीनियर है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप सभी इंजीनियरिंग की छात्राएं हैं, इसलिए पूरी लगन और मेहनत से अध्ययन करें, डॉक्टर और इंजीनियर बनें तथा देश का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्या भारती जैसे संस्थान में पढ़ना सौभाग्य की बात है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने शिक्षकों से भी मुलाकात कर छात्राओं की पढ़ाई और छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अखिल भारतीय बालिका शिक्षा प्रमुख रेखा चूड़ासमा के कार्यों की सराहना भी की।

कार्यक्रम में आयुक्त श्री धनंजय सिंह, आईजी, विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अखिलेश मिश्रा, प्रादेशिक सचिव डॉ. सुधीर अग्रवाल, संगठन मंत्री अमित दवे, विष्णुकांत ठाकुर, ईश्वर पटेल, हरिराम तिवारी, विवेक चौधरी, कमलेश अग्रहरी मंजू दीदी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित रहे.

**सिंहस्थ-2028 के लिये निर्माणाधीन विद्युत सबस्टेशनों का निरीक्षण कर एम डी ने दिए निर्देश**

# सिंहस्थ-2028 के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यों में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा का भी रखा जाए विशेष ध्यान- एम डी सुनील तिवारी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा किए जा रहे पारेषण अधोसंरचना विकास कार्यों का निरीक्षण कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने 132 केवी सबस्टेशन चिंतामन तथा उज्जैन के प्रथम 132 केवी जीआईएस सबस्टेशन त्रिवेणी विहार के निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ-2028 से संबंधित नोटिफाइड कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए।

750 मेगावाट की तैयारी--उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ -28 के दौरान विद्युत की अनुमानित अधिकतम मांग 750 मेगावाट रहने का आकलन किया गया है। इस मांग की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एमपी ट्रांसको द्वारा उज्जैन में विभिन्न सबस्टेशनों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में दो नए एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) विद्युत सबस्टेशनों का निर्माण भी प्रगति पर है।

पूर्व मे दिये निर्देशों की समीक्षा--प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुरूप तैयार पर्ट चार्ट के आधार पर कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए सभी परियोजनाओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक के साथ निरीक्षण में उज्जैन एवं इंदौर क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# कादरी नगर इमामबाड़े में जलसा आयोजित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुहर्रम शरीफ के अवसर पर गढ़ा मुजावर मोहल्ला स्थित कादरी नगर इमामबाड़े में एक जलसे का आयोजन किया गया। यह आयोजन इमामबाड़े में रखी जाने वाली सवारी के 164 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी एवं अरशद अली कादरी द्वारा किया गया। जलसे को संबोधित करते हुए हाजी मकबूल अहमद रज़वी ने हज़रत इमाम हुसैन की शहादत और उनके संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इमाम हुसैन का जीवन त्याग, न्याय, सत्य और मानवता की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित लोगों से इमाम हुसैन द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके पश्चात शहर के वरिष्ठ शायरों ने मनकबत एवं कलाम पेश कर महफ़िल को रूहानी रंग से सराबोर कर दिया। कलाम पेश करने वालों में शेख निज़ामी, मुख्तार नादिर, , शकील दिलकश, सलीम वारसी, वासित कादरी, आसिफ नियाजी प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में पप्पू वसीम खान, हाजी खलील शाह, जमा खान, अकबर खान सरवर, ताहिर खान, मुन्ना शाह, मसरुर अहमद, ऋषभ बाबा, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जलसे के समापन पर सलातो-सलाम पेश किया गया तथा देश की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। इस अवसर पर मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, सूफ़ी मुबारक कादरी, खलीफा इनायत कादरी एवं जवाहर कादरी, इदरीस कादरी, अफजल कादरी, ने सभी अतिथियों का इस्तकबाल करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम के दौरान मरहूम सरदार अली कादरी को विशेष रूप से याद किया गया, जिन्होंने इस परंपरा की नींव रखी थी। उपस्थित लोगों ने उनकी नि:स्वार्थ सेवाओं को याद करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की।

# महामहिम राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों के अंतर्गत विद्यार्थियों को योग एवं सहज योग प्रशिक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय, जबलपुर में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के प्रस्तावित आगमन एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों के अंतर्गत जिले के 200 चयनित विद्यार्थियों को योगाभ्यास, प्राणायाम एवं सहज योग का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में वरिष्ठ सहज योग प्रशिक्षक श्रीमती संध्या करमरकर ने विद्यार्थियों को सहज योग, ध्यान एवं प्राणायाम की विभिन्न विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि सहज योग व्यक्ति के भीतर आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का विकास करता है तथा जीवन को संतुलित एवं तनावमुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में प्रो. अरुण शुक्ला ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा का ऐसा विज्ञान है जो मन, बुद्धि एवं आत्मा के समन्वय का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। डॉ. ज्योति जुनगरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग युवाओं में एकाग्रता, आत्मनियंत्रण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में पूर्ण समर्पण एवं उत्साह के साथ सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में डॉ. आनंद सिंह राणा, डॉ. मूर्तिदास यादव सहित जिले के समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि भारत की योग परंपरा आज संपूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन एवं मानव कल्याण का मार्ग दिखा रही है। महामहिम राष्ट्रपति महोदया की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होने वाला योग दिवस कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अनुशासन, समर्पण एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा बताया गया कि योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न स्तरों पर व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं तथा प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थी इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# मप्र उर्दू अकादमी द्वारा व्याख्यान एवं रचनापाठ आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ज़िला अदब गोशा, जबलपुर द्वारा 'सिलसिला' एवं 'तलाशे जौहर' श्रृंखला के अंतर्गत व्याख्यान एवं आज रचनापाठ कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार को शाम 4 बजे से श्री जानकीरमण महाविद्यालय, जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन में ज़िला समन्वयक राशिद राही का विशेष सहयोग रहेगा।

उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि अकादमी द्वारा प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में 'सिलसिला' के अंतर्गत साहित्यिक, काव्य एवं सांगीतिक गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जबलपुर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित शायर और साहित्यकार अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियां देंगे।

ज़िला समन्वयक राशिद राही के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित राजेश दुबे करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में श्री जानकीरमण महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष शरदचंद पालन उपस्थित रहेंगे।


कार्यक्रम में डॉ. गुले नग़मा विशिष्ट वक्ता के रूप में संबोधित करेंगी।

रचनापाठ में हेमराज राज़ सागरी, शकील बाग़ी, ग़यासुद्दीन ग़यास, ज़फ़र जबलपुरी, आरिफ़ हसन सिद्दीक़ी, शाहनवाज़ महवर, फ़ज़ल हुसैन, परवेज़ आलम परवाज़, आयुष चराग़, रघुनंदन शर्मा दानिश, लता गुप्ता, छाया नर्गिस, पूर्णिमा सिंह इरम तथा विजय आनंद माहिर अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम का संचालन आरिफ़ हसन सिद्दीक़ी द्वारा किया जाएगा।

**आधुनिक मशीनरी और मानव संसाधनों के साथ बड़े नालों और छोटी नालियों की हो रही है सघन सफाई**

# जल प्लावन से मुक्ति के लिए दिन-रात काम कर रहा स्वास्थ्य अमला

**निगमायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों की अलग से ड्यूटी लगाकर जवाबदेही तय की**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर निगम पूरी तरह अलर्ट है। नागरिकों को जल प्लावन की समस्या से स्थाई राहत दिलाने के लिए निगम द्वारा युद्ध स्तर पर वर्षा पूर्व तैयारियां की जा रही हैं। ?महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशन में नगर निगम का पूरा स्वास्थ्य अमला दिन-रात एक कर शहर के सभी छोटे-बड़े नालों और नालियों की सफाई में जुटा हुआ है। आधुनिक मशीनरी संसाधनों का भरपूर उपयोग किया जा रहा है, पर्याप्त संख्या में मानव संसाधनों को भी तैनात किया गया है, ताकि पानी की निकासी में कोई बाधा न आए।

सुचारू व्यवस्था के लिए विशेष अधिकारियों की तैनाती

जल प्लावन नियंत्रण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए निगमायुक्त ने गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने पूरी व्यवस्था पर पैनी और प्रभावी निगरानी रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों की अलग से विशेष ड्यूटी लगाई है। यह टीमें मुख्य हॉटस्पॉट्स और संवेदनशील इलाकों का लगातार निरीक्षण कर रही हैं, ताकि बारिश के दौरान कहीं भी पानी जमा होने की नौबत न आए।

नागरिकों को मिलेगी राहत

जलभराव की समस्याओं को चिन्हित कर उनका समय से पहले समाधान किया जा रहा है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे नालियों में प्लास्टिक या कचरा न फेंकें, ताकि सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# गुंजन कला सदन द्वारा नौ पुलिस अधिकारियों का अभिनंदन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पुलिस के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार के एफ रुस्तम जी से जबलपुर के नौ पुलिस अधिकारियों को गत दिवस भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने डी.जी.पी. की उपस्थिति में सम्मानित किया गया था। गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश के तत्वावधान में आज सायं 7 बजे शहीद स्मारक में पुलिस के नौ शूरवीर अधिकारियों का अभिनंदन समारोह आयोजित है। इस कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक अजय विश्नोई, अतुलसिंह डी.आई.जी.,मनोहर वर्मा पूर्व डी.आई. जी. एवं कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी अभिनंदित करेंगे। जबलपुर और अन्य शहरों में अपनी कर्तव्यनिष्ठता से प्रभावित करने वाले सर्वश्री राजेश तिवारी (पूर्व ए. आई.जी.), श्री गोपाल खाण्डेल (पूर्व एडीशनल एस.पी.) श्रीमती भावना मरावी (एडी.एस.पी.रेल्वे ), प्रभात शुक्ल (पूर्व सी. एस. पी.), रवीन्द्र गौतम (पूर्व डी.एस.पी.) राजेंद्र बागारी (पूर्व इंस्पेक्टर ), नरेन्द्र मिश्रा इंस्पेक्टर, जयप्र ?काश आर्य (आर. आई.) एवं जय कुमार चौधरी कांस्टेबल अभिनंदित होंगे। ?गुंजन कला सदन के महामंत्री लायन नरेन्द्र जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के द्वितीय चरण में गीत-संगीत के विविध कार्यक्रम प्रस्तुत जाएंगे। आयोजन संयोजक त्रय विनोद यादव, विजय जायसवाल, प्रतुल श्रीवास्तव ने नगरवासियों से उपस्थिति का आग्रह दिया है।

---

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 238 दिनांक - 19/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री नितिन सोनी, पिता- हीरा** ने मकान क्रं......... **वार्ड. 74**, पता- खसरा नं. 356/11 का भाग जागृति नगर अमखेरा, **वार्ड** ......., कुल क्षेत्रफल 1250 व.फु., भूतल 725 व.फु. आर.सी.सी. रहवासी, + 525 व.फु. कमर्शियल आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

---

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 237 दिनांक - 19/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती स्वेता श्रीवास्तव, पति श्री पवन श्रीवास्तव** ने मकान क्रं. खसरा नं. 43/7 व **वार्ड. 72**, पता- 45/2 लमती **वार्ड** दादा ठनठन पाल, कुल क्षेत्रफल 750 व.फु., भूतल 750 व.फु., प्रथमतल 750 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

---

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 236 दिनांक - 19/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती राजकुमारी श्रीवास्तव, पति श्री गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव** ने मकान क्रं. 215, बिलपुरा **वार्ड. 78**, पता- गायत्री मंदिर बिलपुरा नालोनी **वार्ड** ..................., कुल क्षेत्रफल 1089 व.फु., भूतल 1089 व.फु. पक्का, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

---

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 235 दिनांक - 19/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री आशीष कुमार तिवारी, पिता- सुरेन्द्र तिवारी** ने मकान क्रं. प्लाट नं. ए-4 **वार्ड. 74**, पता- आस्था परिसर न्यू रामनगर अमखेरा **वार्ड** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, कुल क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 1000 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

---

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं.-15 सुहागी, नगर निगम जबलपुर**

प.क्र.-संभा.अधि/सं.क्रं. 15/2026-27/ एम . 234 दिनांक - 19/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती जवेती बाई सोनी, पति- नेतराम सोनी** ने मकान क्रं. प्लाट नं. 55 **वार्ड. 75, पता- हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर, वार्ड** ....., कुल क्षेत्रफल 349 व.फु., भूतल 349 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 349 व.फु. आर.सी.सी. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-15 सुहागी** में प्रमाण - पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-15,सुहागी नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम. 94/ 2026-27 दिनांक 05.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती शांति बाई कोल, पति- तेजी लाल कोल** ने भवन क्रं. ............ पिन क्र. 1000699687 **वार्ड क्र. 63, वार्ड शहीद भगत सिंह वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्रीमती पार्वती कोल, पति- स्व. श्री उडी उर्फ कुंजी लाल, भूतल ........... व.फु., प्रथमतल.......... व.फु. , **पंजीयन बटवारानामा, , आधार कार्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक - 10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

---


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम. 114/ 2026-27 दिनांक 18.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती वंदना रजक, पति श्री अनिल कुमार रजक** ने भवन क्रं. 1043 पिन क्र. 1000412665 **वार्ड क्र. 62, वार्ड भीमराव अम्बेडकर वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री रामदास धुन्धे पटैल, भूतल 767 व.फु. , **विक्रयपत्र, , आधार कार्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि हमारे अधिकारी निरंतर भारी दबाव में जनसेवा का कार्य करते हैं, इसलिए उनकी भलाई और मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री श्री पटेल श्रम विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित उच्च-तनाव वाली लोक सेवा भूमिकाओं में बर्नआउट की रोकथाम विषय पर एक विशेष ऑनलाइन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कार्यस्थल पर तनाव से जुड़े फीडबैक तंत्र को लागू कर विभागीय टीमों की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आरंभ किया हेलमेट सुरक्षा अभियान-नक्सल उन्मूलन कर समर्पण करने वालों को जोड़ा मुख्य धारा से

# उज्जैन-सांवेर-इंदौर क्षेत्र के विकास का नया पर्याय बनेगा फोरलेन ग्रीन फील्ड कॉरीडोर - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव दूरदर्शी सोच रखने वाले मुख्यमंत्री -केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल

भोपाल -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर, उज्जैन और सांवेर सहित अन्य शहरों को 5 हजार 657 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली है। यह प्रदेश की जनता के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इंदौर के पितृेश्वर महादेव से बाबा महाकल तक आने के लिए सीधी सड़क का भूमि-पूजन हुआ है। यह परियोजना पीथमपुर को निमाड़ क्षेत्र में आगे दिल्ली-मुंबई इकोनॉमिक कॉरिडोर से जोड़ेगा और क्षेत्र के लिए आर्थिक समृद्धि का अहम मार्ग बनेगा। राज्य सरकार ने किसानों की मांग पर इसकी ऊंचाई कम की है, जिससे किसानों को भी आवागमन में लाभ मिलेगा। प्राचीन काल में इस मार्ग से वर्षभर साधु-संत और श्रद्धालु पैदल यात्रा करते थे। ग्रीन फील्ड कॉरीडोर उज्जैन-सांवेर-इंदौर क्षेत्र के विकास का नया पर्याय बनेगा। यह परियोजना सिंहस्थ के दृष्टिगत प्रदेश को बड़ी सौगात है। करीब 48 किलोमीटर लंबे इस फोरलेन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का निर्माण लगभग 2 हजार 935 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री श्री खट्टर के साथ सांवेर विधानसभा क्षेत्र के चंद्रावतीगंज में शनिवार को इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड कॉरीडोर का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने विभिन्न योजना के हितग्राहियों को हितलाभ और सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह कॉरिडोर इंदौर के पितृ पर्वत क्षेत्र से शुरू होकर उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर के समीप सिंहस्थ बायपास तक पहुंचेगा। इस मार्ग के बन जाने से इंदौर और उज्जैन के बीच आवागमन अधिक सुगम और तेज होगा, साथ ही सिंहस्थ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। फतेहाबाद और चंद्रावतीगंज इंदौर-उज्जैन के बीच व्यापार-व्यवसाय का प्रमुख केंद्र रहा है, ग्रीनफील्ड कॉरीडोर विकास का नया पर्याय बनेगा। यह रोड उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन सिटी के लिए नए सूर्योदय के समान है। अब इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, धार और रतलाम तक 16 हजार वर्ग किलोमीटर में फैले मेट्रोपॉलिटन एरिया में 6 रेलवे जंक्शन, 2 एयरपोर्ट, 4 हवाई पट्टी और 2 राजमार्ग शामिल होंगे। सड़क मार्ग, उद्योग-व्यापार-कृषि और रोजगार सहित सभी क्षेत्रों के विकास में अहम योगदान देता है। अब फतेहाबाद को रेलवे के डबल ट्रैक की भी सौगात मिलने जा रही है। हेलमेट सुरक्षा अभियान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दोपहिया वाहन चालकों का जीवन सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार ने हेलमेट सुरक्षा अभियान आरंभ किया है। सड़क हादसों के समय हेलमेट लोगों की जान बचाने में ईश्वरीय भूमिका निभाता है। इसी क्रम में इंदौर प्रशासन द्वारा आज हेलमेट वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 42 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 548 करोड़ रुपये से अधिक आवासों का भूमि-पूजन किया और प्रदेश में 992 करोड़ से निर्मित 38 हजार आवासों में गृह-प्रवेश कराया गया। इसके साथ ही 446 करोड़ की लागत से 116 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 310.82 करोड़ की 37 परियोजनाओं का भूमि-पूजन भी किया। क्षेत्र के 20 हजार छोटे व्यापारियों को स्वनिधि योजना अंतर्गत 51 करोड़ रूपए राशि जारी की गई। कार्यक्रम में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवर और जल निकासी की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ और फायर ब्रिगेड के 36 स्टेशनों के लिये वाहन और उपकरण उपलब्ध कराए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौमाता पूज्य है, यह हमें अपनी संस्कृति पर गर्व का अवसर देती है। राज्य सरकार ने वृंदावन गांव और गीता भवन तैयार करने का संकल्प लिया है। प्रदेश की लाड़ली बहनों के बैंक खातों में हर माह 15 तारीख से पहले 1500 रुपए की राशि भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में राज्य सरकार ने अनेक किसान हितैषी निर्णय लिए हैं। मध्यप्रदेश ने किसानों से सबसे अधिक गेहूं खरीदने का राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया है। प्रदेश के पौने 14 लाख किसानों से गेहूं उपार्जन कर प्रति क्विंटल 2625 रुपए का भुगतान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों के शासन काल में भारत ने देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सबसे पहले नक्सलवाद से मुक्त होने वाला राज्य बना है। नक्सल उन्मूलन कर हमने समर्पण करने वालो को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। आज देशभर से नक्सलवाद का सफाया हो चुका है। भारत सरकार देश के अंदर और सीमाओं को सुरक्षित रख रही है। केंद्रीय मंत्री आवास एवं शहरी कार्य श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विरासत से विकास की प्रेरणा दी है और इसी को ध्येय बनाकर मध्यप्रदेश में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उज्जैन में स्मार्ट सिटी के उत्कृष्ट कार्य हुए हैं, यह सराहनीय पहल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक दूरदर्शी सोच रखने वाले मुख्यमंत्री हैं, जो मध्यप्रदेश को बहुत आगे ले जाएंगे। हमारी सांस्कृतिक विरासत के बिना हमारा गौरव शून्य हो जाएगा। उज्जैन देशभर में आस्था का प्रमुख केंद्र बनें, इसके लिए कार्य जारी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने काशी में विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर और केदारनाथ धाम में विकास को नई दिशा दी है। देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के 12 साल के कार्य काल में कई अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। भारत ने आज दुनिया के देशों को नेतृत्व दिया है। देश में गरीब-जरूरतमंदों को निःशुल्क आवास, राशन और गैस कनेक्शन दिए गए हैं। विगत 12 सालों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव भव्य और दिव्य सिंहस्थ 2028 के आयोजन के लिए पूरे संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। उज्जैन में माँ शिप्रा के घाटों का निर्माण तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। सिंहस्थ - 2028 में आने वाले श्रद्धालु शिप्रा मैया के जल से आचमन और स्नान करेंगे। सांवेर के 54 गांवों के किसान मां नर्मदा मैया के जल से सिंचाई कर रहे हैं,







## राष्ट्रपति का डुमना विमानतल पर हुआ भव्य स्वागत

जबलपुर- महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से शाम 6 बजे डुमना एयरपोर्ट आगमन हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, वेटिंग इन मिनिस्टर व उप मुख्यरमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक व श्री विवेक तन्खान, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नूद, विधायक सर्वश्री अजय विश्नोनई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े एवं लखन घनघोरिया तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारी, कलेक्टोर श्री राघवेन्द्रड सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्योय ने पुष्पठगुच्छआ देकर आत्मीटय स्वालगत किया।

## प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना के तहत लगभग रु. 2.400 करोड़ के इंसेंटिव दिए

### संस्कृति थिएटर में किया गया सीधा प्रसारण



जबलपुर: प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए एक खास प्रोग्राम में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (क्रू-ङ्क्रक्कङ्घ) के तहत लगभग ?2,400 करोड़ के इंसेंटिव बांटे। इस प्रोग्राम में केंद्रीय श्रम और रोजगार और युवा मामले और खेल मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया; श्रम और रोजगार और माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज राज्य मंत्री, सुश्री शोभा करंदलाजे; और श्रम और रोजगार मंत्रालय के सीनियर अधिकारी शामिल हुए। देश भर में लोगों तक पहुंचने की कोशिश के तहत, देश भर में लगभग 200 जगहों पर एक साथ इवेंट भी आयोजित किए गए।

इस इवेंट को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना सिर्फ एक रोजगार स्कीम से कहीं ज्यादा है। यह एक ऐसी पहल है जिसे पहली नौकरी पाने वाले युवाओं की उम्मीदों को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है, साथ ही इंडस्ट्री और वर्कफ़ोर्स के बीच एक मजबूत पुल भी बनाया गया है। मैंने देखा है कि जहाँ कई स्कीमें आम तौर पर या तो कर्मचारियों या एम्प्लॉयर पर फोकस करती हैं, वहीं यह प्रोग्राम एक साथ दोनों को सपोर्ट करता है। सरकार उन युवाओं के साथ है जो अपना प्रोफेशनल सफर शुरू कर रहे हैं और उन संस्थानों को बढ़ावा देती है जो रोज़गार के नए मौके पैदा करते हैं। इस स्कीम की कामयाबियों के बारे में बताते हुए, श्री मोदी ने कहा कि अब तक लगभग 70 लाख नई नौकरियों बनी हैं और इतनी ही संख्या में पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को सोशल सिक्योरिटी के दायरे में लाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि लगभग 20 लाख युवाओं ने अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर लिए हैं, जबकि लगभग 10 लाख बेनिफिशियरी को यह माइलस्टोन पूरा करने पर स्कीम के तहत इंसेंटिव मिल चुके हैं। बेनिफिशियरी के बैंक अकाउंट में सीधे ?2,000 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर किए गए हैं। इस मदद को सिर्फ फाइनेंशियल मदद से ज्यादा बताते हुए, श्री मोदी ने कहा कि यह देश के युवाओं की कड़ी मेहनत को पहचान देने और उनके भविष्य पर भरोसे को दिखाता है।

प्रधानमंत्री ने देश के अलग-अलग इलाकों के चुने हुए बेनिफ़िशियरी से भी बातचीत की, जिन्होंने इस स्कीम के तहत मिले फायदों और अपनी रोजी-रोटी, करियर में तरक्की और सामाजिक सुरक्षा कवरेज पर इसके अच्छे असर के बारे में अपने अनुभव शेयर किए।

इस मौके पर अपने वेलकम स्पीच में, यूनियन लेबर और एम्प्लॉयमेंट मिनिस्टर, डॉ मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्राइम मिनिस्टर श्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में, भारत बड़े बदलाव देख रहा है और एक विकसित भारत के विजन की तरफ तेज़ी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले, वर्कर-प्रोफ़ाइल रिफ़ॉर्म्स को %एंटी-इंडस्ट्री% कहा जाता था, जबकि प्रो-इंडस्ट्री रिफॉर्म्स को %एंटी-वर्कर माना जाता था। हालांकि, प्राइम मिनिस्टर के लोगों पर फोकस करने वाले अप्रोच के तहत, वर्कर्स और एम्प्लॉयर्स को अब नेशन-बिल्डर्स और इंडिया की ग्रोथ स्टोरी में बराबर के पार्टनर के तौर पर पहचाना जाता है।

## राज्यपाल श्री पटेल का हुआ डुमना एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत



जबलपुर-राज्यरपाल श्री मंगुभाई पटेल का आज डुमना एयरपोर्ट आगमन हुआ। उनके आगमन पर राज्यंसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिक, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नूर, नगर निगम अध्यीक्ष श्री रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यबक्ष श्री रत्नेशश सोनकर ने पुष्पुच्छो भेंट कर उनका आत्मीअय स्वा गत किया। इस दौरान संभागायुक्तध श्री धनंजय सिंह, कलेक्टुर श्री राघवेन्द्रभ सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्या य सहित अन्या अधिकारी भी मौजूद थे।

जबलपुर में ज़मीन और फ़ाइनेंस के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी- पीड़ितों ने पुलिस की निष्क्रियता पर उठाए सवाल,उप-पंजीयक कार्यालय और बैंक कर्मचारियों की भूमिका भी उच्च स्तरीय जांच के दायरे में

## बैंक और फ़ाइनेंस लोन के नाम पर करोड़ों का घोटाला- माफिया के सताये पीड़ितों ने खोला ठगों का चिट्ठा



जबलपुर। शहर में ज़मीन की कूटरचना, फ़र्ज़ी पावर ऑफ अटार्नी और बैंकों से अवैध लोन लेने वाले एक संगठित सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ है। भू माफिया से प्रताड़ित लोगों ने आनंद कुमार शुक्ला, अमन गुप्ता और राकेश गुप्ता के माध्यम से मीडिया के समक्ष संयुक्त पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीड़ितों ने दस्तावेज़ों के साथ बताया कि कैसे शहर के भोले-भाले नागरिकों को झांसा देकर करोड़ों रुपयों का चूना लगाया गया है। पत्रकार वार्ता में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर आरोप लगाए गए कि थानों में नामजद एफ़आईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ़ अब तक कोई ठोस दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित न्याय के लिए भटक रहे हैं।

फ़र्ज़ी अटार्नी से शमीम मंसूरी की संपत्ति का विक्रय

प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि शातिर जालसाज़ मोहित तिवारी, रोहित यादव और नवीन कुमार तिवारी ने मिलकर गोहलपुर निवासी मो. शमीम मंसूरी के साथ बड़ी ठगी की। आरोपियों ने शमीम मंसूरी की कुदवारी स्थित 1283 वर्गफुट के मकान की रजिस्ट्री के दस्तावेज़ और आधार-पेन कार्ड हासिल किए। इस मामले में प्रकाश नामदेव पर भी प्रकरण दर्ज है,लेकिन असल में प्रकाश नामदेव बेकसूर है, उसे इसी गैंग ने बरगलाकर फंसा दिया है। आरोपियों ने प्रकाश नामदेव के नाम से एक फ़र्ज़ी मुख्तयारनामा (पावर ऑफ अटार्नी) तैयार कर लिया। इस फ़र्ज़ी दस्तावेज़ के आधार पर प्रार्थी के मकान की रजिस्ट्री नवीन तिवारी के नाम कर दी गई और सेंटम हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से 22,86,029 रुपये का लोन ले लिया गया। इस लोन की पूरी राशि प्रकाश नामदेव के खाते में ट्रांसफर कर ली गई और फिर राशि निकाल ली और प्रकाश पर पूरा मामला मढ़ दिया। पीड़ित को ठगी का पता तब चला जब उनके घर पर रिकवरी का नोटिस चस्पा किया गया। इस मामले की शिकायत थाना अधारताल में दर्ज है।

### फ़र्ज़ी दस्तावेज़ों से अमर सिंह ठाकुर की ज़मीन पर कब्ज़ा और बैंक लोन

पत्रकार वार्ता में दूसरे बड़े मामले का खुलासा करते हुए बताया गया कि आरोपी संदीप श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित त्रिमूर्तिनगर के एक खाली प्लाट को देखकर प्रार्थी अमर सिंह ठाकुर की रजिस्ट्री भूमि के दस्तावेज़ हड़प लिए। इसके बाद संदीप श्रीवास्तव, सतेन्द्र उपाध्याय (जो फ़र्ज़ी अमर सिंह ठाकुर बना), शशांक गौतम, अशलम खान और भानूप्रकाश ने एक सोची-समझी साजिश रची। उन्होंने शांतिबाई कोष्ठा नाम की महिला के फ़र्ज़ी दस्तावेज़ और फ़र्ज़ी आधार कार्ड तैयार किए। इसके बाद आरोपी सतेन्द्र उपाध्याय और तथाकथित शांतिबाई कोष्ठा को साक्षी मोहित तिवारी और अंचल दुबे के समक्ष खड़ा करके रजिस्ट्री कार्यालय अंधुआ में 31.05.2019 को प्रार्थी की भूमि का फ़र्ज़ी विक्रय पत्र निष्पादित करा दिया। इस फ़र्ज़ी रजिस्ट्री को पंजाब नेशनल बैंक में गिरवी रखकर 52,60,000 रुपये का लोन आहरण कर लिया गया। इस मामले में थाना संजीवनीनगर में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध है।

### रजिस्ट्री के बाद बदला दलालों का इरादा, फर्जी मालिक खड़ा कर शुरू की अवैध वसूली

अमन गुप्ता ने बताया गया कि लखन नायक, मोहित तिवारी, अर्जुन साहो, नितेश अवस्थी, प्रिया अवस्थी और उनके सहयोगियों भैया जी पटेल उर्फ भैयालाल पटेल व आनंद पटेल ने पहले उनके पिता को भरोसे में लेकर मौजा माढोताल स्थित ख.नं. 152 के भूखंड क्रं 504 को पूरी तरह विवाद मुक्त बताकर बिकवाया। इसके बाद पीड़ित ने अपनी पत्नी अंशिका गुप्ता और मित्र आयुष केशवानी की मां संगीता केशवानी के नाम पर रजिस्ट्री कराकर मकान निर्माण शुरू किया। मकान बनते ही आरोपियों की नीयत बदल गई और उन्होंने खर्च के नाम पर अवैध वसूली शुरू कर दी। मकान ऊंचे दामों पर बिकने के बाद अब आरोपी भैया जी पटेल को आगे कर फर्जी शिकायतें कर रहे हैं और मामला दबाने के लिए 10/- लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं।

दलालों ने जाल -पीड़ित अमन गुप्ता के पिता को उनके परिचित दलाल मोहित तिवारी और लखन नायक ने भरोसा दिलाया था कि राष्ट्रीय गृह निर्माण समिति का यह प्लॉट मूल मालिक कल्पना बर्देल का है और इस पर कोई विवाद नहीं है। आरोपियों ने अनुबंध पत्र और शपथ पत्र दिखाकर सौदा तय कराया, जिसके बाद तय रकम लेकर जमीन की रजिस्ट्री करा दी गई। करीब 1 वर्ष तक जब पीड़ित उस जमीन पर मकान बनवा रहा था, तब किसी ने कोई आपत्ति नहीं की। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद जब आरोपियों को पता चला कि यह संपत्ति अब कीमती हो चुकी है और इसे किसी परिचित को बेच दिया गया है, तो आरोपियों ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। वे आए दिन निर्माण स्थल पर आकर शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे। एक बार रकम मिलने के बाद उनकी भूख और बढ़ गई और उन्होंने पीड़ित पर दबाव बनाना तेज कर दिया।

जब पीड़ित ने दोबारा पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपियों ने साजिश रची। उन्होंने भैया जी पटेल और आनंद पटेल नाम के व्यक्तियों को मोहरा बनाकर पीड़ित के परिवार और मित्र की मां के खिलाफ थाने में जमीन हड़पने की झूठी शिकायत दर्ज करवा दी। इसके बाद बिचौलियों के जरिए पीड़ित के पास संदेश भिजवाया गया कि यदि 10 लाख रुपये नहीं दिए, तो वे उन्हें फर्जी मामले में फंसा देंगे। भैया जी पटेल ने खुद को जमीन का मालिक बताकर दावा छोड़ने के बदले रुपयों की मांग की, लेकिन जब पीड़ित ने उससे मालिकाना हक के दस्तावेज मांगे, तो वह मुकर गया और दोबारा सामने नहीं आया।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

जबलपुर दिन रविवार 21 जून 2026




हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## लोगों में चिंता

नेता विपक्ष का सनसनीखेज बयान उस वक्त आया है, जब लोगों में चिंता बढ़ रही है। उधर युवा असंतोष की अभिव्यक्ति के रूप में सोशल मीडिया पर उभरी कॉकरोच जनता पार्टी सड़क पर उतरने जा रही है। राहुल गांधी के इस बयान से अनिश्चय और अस्थिरता के माहौल को हवा मिलेगी कि नरेंद्र मोदी सरकार का प्रशासन पर से नियंत्रण खत्म हो रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग, खुफिया एजेंसियों और न्यायपालिका के अंदर से उन्हें संदेश मिल रहे हैं, जिसका सार है कि सिस्टम पर कंट्रोल ढह रहा है। गांधी ने दावा किया कि ऊंचे पदों पर बैठे लोग चुनाव प्रक्रिया पर लोगों में बढ़े अविश्वास और आर्थिक दिक्कतों के कारण संभावित जन प्रतिक्रिया को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस नेता यह कहने की हद तक चले गए कि साल भर के अंदर या तो मोदी सरकार गिर जाएगी या संभव है कि वह इमरजेंसी लगाने जैसे कदम उठा ले! नेता विपक्ष ने यह सनसनीखेज बयान उस वक्त दिया है, जब गहराते आर्थिक एवं वित्तीय संकट को लेकर चिंता बढ़ रही है, परीक्षा व्यवस्था में जाहिर हुई गड़बड़ियों से युवा वर्ग नाराज है, तथा इन हालात के प्रतिक्रिया स्वरूप सोशल मीडिया पर उभरी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार से सड़क पर उतरने का इरादा जताया है। बुधवार को सीजेपी की पहली प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया का खूब जमावड़ा लगा। शनिवार को प्रस्तावित उसके विरोध प्रदर्शन को कई मशहूर शख्सियतों का समर्थन मिला है। ये परिघटना अपने- आप में समाज खासकर नौजवानों में गहराए असंतोष का संकेत है। इसके बीच विपक्ष के नेता का यह कहना कि आ रही आर्थिक सुनामी को रोकना अब संभव नहीं है और प्रशासनिक तौर पर देश फुल कंट्रोल से आउट ऑफ कंट्रोल के दौर में जा रहा है, देश के निकट एवं मध्यकालिक भविष्य को लेकर नई आशंकाओं को जन्म देगा।

# स्वस्थ, जागरुक और विकसित भारत की आधारशिला है योग-डॉ. मोहन यादव

समत्वं योग उच्यते अर्थात् संतुलन ही योग है...श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण का यह संदेश जहां समूचे विश्व को संतुलित करने का सूत्र है, वहीं महर्षि पतंजलि ने पतंजलि योग सूत्र में योगश्चित्तवृत्तिनिरोध:के माध्यम से मानव जीवन को स्वस्थ और निरोग रहने का मार्ग प्रदान किया है।

भारत की यही सनातन योग परंपरा विश्व को शरीर, मन और आत्मा के स्तर पर संतुलित और समृद्ध बनाने का आधार है। सदियों पूर्व ऋषि-मुनियों द्वारा विकसित जीवन पद्धति आज सम्पूर्ण विश्व के लिए सुख, शांति और संतुलन का मार्ग है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि योग विश्व मानवता के कल्याण का माध्यम बन गया है।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की गई। यह निर्णय भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन के प्रति विश्व समुदाय के सम्मान का प्रतीक है। दुनियाभर के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना चुके हैं। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक नेतृत्व का प्रमाण है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिये योग रखी गई है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मध्यप्रदेश की पावन धरती पर आयोजित समारोह में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। उनका आगमन मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह सुखद संयोग है कि योग के वैश्विक आंदोलन में मध्यप्रदेश को विशेष भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश सरकार ने योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए हैं। स्वस्थ नागरिक विकसित और समृद्ध राष्ट्र का आधार है। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए घर-घर योग - हर व्यक्ति निरोग अभियान शुरू किया गया है। प्रदेश में 800 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों तथा विभिन्न चिकित्सालयों में नियमित योग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा छोटे-छोटे समूहों में भी नागरिकों को योगाभ्यास करवाया जा रहा है। योग-सखी और योग-दूत गांव-गांव और शहर-मोहल्लों तक योग का संदेश पहुंचा रहे हैं।



प्रदेश में 12 मई से आरंभ हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन हर घर योग अभियान से जनभागीदारी का नया अध्याय लिख रहा है। इसी क्रम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन योग सत्रों का लाभ प्रदेश के लोगों को प्राप्त हो रहा है। हम सभी के लिए गौरव की बात है कि विगत दिनों इंदौर स्थित मालवांचल यूनिवर्सिटी में आयोजित योग महोत्सव में 35 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सामूहिक योग कर एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। योग वन अर्थ-वन हेल्थ विचार को व्यवहार में उतारने का माध्यम है जो हमें स्वयं, समाज और प्रकृति से जोड़ता है। यह शरीर को स्वस्थ रखने के साथ जीवन को संतुलित, सार्थक और उत्कृष्ट बनाता है।

मध्यप्रदेश सरकार ने योग को पर्यावरण-संरक्षण और जनकल्याण से भी जोड़ा है। विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विशेष जन-अभियान संचालित किया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान से पर्यावरण-संरक्षण और योग से स्वास्थ्य संरक्षण पर कार्य किया जा रहा है। प्रकृति और मानव स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। योग हमें प्रकृति संग सह-अस्तित्व का जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यही भारतीय जीवन-दर्शन का मूल तत्व भी है। मध्यप्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा, योग वेलनेस सेंटर, आरोग्य मंदिरों तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से योग को जनांदोलन बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक योग से लाभ प्राप्त करे और स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाए। मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि मध्यप्रदेश में जनवरी 2027 में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य और एक चेतना: समग्र कल्याण के लिए योग विषय पर वैश्विक सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश, भारत की सभ्यतागत चेतना का वैश्विक प्रतिनिधित्व करेगा। आज जब दुनिया तनाव, अवसाद, जीवनशैली जनित रोगों और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे समय में योग मानवता के लिए बड़ा संबल है। ऐसे यह स्वस्थ शरीर, शांत मन और सुखी जीवन का आधार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का संकल्प है।

यह भारत की उस प्राचीन चेतना का उत्सव है, जिसने सदियों से मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। हमें गर्व है कि आज पूरी दुनिया योग को अपनाकर भारत के इस अमूल्य ज्ञान का लाभ प्राप्त कर रही है। मैं, प्रदेश के सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठजन, विद्यार्थियों, शासकीय सेवकों और सामाजिक संगठनों से आग्रह करता हूं कि वे योग गतिविधियों से जुड़ें और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। आइए, हम सभी मिलकर योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। अपने परिवार और समाज को इससे जोड़ें तथा स्वस्थ मध्यप्रदेश, विकसित भारत और समृद्ध विश्व के निर्माण में सहभागी बनें।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक मंगलकामनाएं...

## योग- केवल कसरत नहीं, नए भारत के आत्मबल और सशक्त अर्थव्यवस्था का आधार

जगदीश देवड़ा

सदियों पहले भारत की पावन भूमि से उपजा योग आज वैश्विक चेतना का सबसे बड़ा संवाहक बन चुका है। जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी थी, तब वह केवल एक पद्धति का सम्मान नहीं था, बल्कि भारत की प्राचीन वसुधैव कुटुंबकम की भावना को वैश्विक स्तर पर स्वीकार करना था। आज योग धर्म, जाति, भूगोल और सीमाओं के बंधनों को तोड़कर पूरी मानवता को एक सूत्र में पिरो रहा है। लेकिन 21वीं सदी के इस दौर में हमें योग को सिर्फ शारीरिक व्यायाम या कुछ आसनों तक सीमित रखने की भूल नहीं करनी चाहिए। योग एक पूर्ण जीवन दर्शन है, जो व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक प्रगति को तो सुनिश्चित करता ही है, साथ ही राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक विकास का अदृश्य इंजन भी है। एक अर्थशास्त्री या वित्त मंत्री के दृष्टिकोण से जब मैं योग को देखता हूं, तो मुझे इसमें भारत के सकल घरेलू उत्पाद और नागरिकों की क्रय शक्ति को मजबूत करने का एक बड़ा माध्यम दिखाई देता है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में आज भी %आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर यानी बीमारी पर अपनी जेब से होने वाला खर्च परिवारों के लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ है।

योग मुख्य रूप से एक प्रिवेंटिव हेल्थकेयर (निवारक स्वास्थ्य देखभाल) प्रणाली है। यदि देश का नागरिक हर दिन सिर्फ 30 मिनट योग को देता है, तो वह जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे—मधुमेह , उच्च रक्तचाप और मानसिक तनाव से दूर रहता है। स्वस्थ नागरिक का सीधा अर्थ है अस्पतालों और दवाईयों पर होने वाले खर्च में कमी। यही बची हुई पूंजी परिवारों की बचत बनती है, जो आगे चलकर देश के वित्तीय चक्र को गति देती है। भारत आज दुनिया का सबसे युवा देश है। हमारी इस युवा आबादी का लाभ हमें तभी मिल सकता है, जब यह युवा कार्यबल न केवल डिग्री-धारी हो, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी ऊर्जावान हो। कार्पोरेट जगत से लेकर सरकारी विभागों तक, बर्नआउट और मानसिक तनाव कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहे हैं।

## योग है दुनिया के लिए भारत का शाश्वत अवदान

आज जब पूरी दुनिया युद्धों, आतंकवाद, हिंसा, मानसिक तनाव, पर्यावरणीय संकट और नई-नई बीमारियों की चुनौतियों से घिरी हुई है, तब मानवता एक ऐसे मार्ग की तलाश में है जो केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को भी संतुलित कर सके। ऐसे संक्रमणकाल में योग केवल एक व्यायाम पद्धति या स्वास्थ्य विज्ञान नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए आशा का प्रकाश-स्तंभ बनकर उभरा है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज केवल भारत का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व का उत्सव बन गया है। भारत अनादिकाल से योग की भूमि रहा है। इस भूमि के कण-कण में ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों और योगियों की साधना की सुगंध समाई हुई है। वैदिक ऋषियों से लेकर भगवान महावीर, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, श्री अरविन्द, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ तक, सभी ने योग को जीवन के उत्कर्ष और मानव कल्याण का आधार माना। योग ने भारत की आध्यात्मिक चेतना को ही नहीं गढ़ा, बल्कि विश्व को यह संदेश भी दिया कि मनुष्य का वास्तविक विकास भीतर से प्रारंभ होता है। आज विश्व जिस दिशा में बढ़ रहा है, वह चिंता का विषय है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, आतंकवाद की घटनाएं, साम्प्रदायिक तनाव और हथियारों की बढ़ती होड़ मानव सभ्यता को भय और असुरक्षा की ओर धकेल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विज्ञान और तकनीक ने अभूतपूर्व सुविधाएं दी हैं, लेकिन इनके साथ विनाश की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। ऐसे समय में योग की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। योग मनुष्य को भीतर से शांत, संतुलित और संवेदनशील बनाता है। जब व्यक्ति के भीतर शांति होगी, तभी समाज और राष्ट्र में शांति का वातावरण निर्मित होगा। योग का मूल अर्थ ही है-जोड़ना। यह मनुष्य को मनुष्य से, आत्मा को परमात्मा से, व्यक्ति को समाज से और मानवता को सम्पूर्ण सृष्टि से जोड़ता है। योग विभाजन नहीं, एकता का दर्शन है। इसलिए वह हिंसा, घृणा, आतंक और संघर्ष का स्वाभाविक प्रतिरोधक है। जो व्यक्ति योग के माध्यम से अपने भीतर करुणा, प्रेम और अहिंसा का विकास करता है, वह किसी के प्रति द्वेष नहीं रख सकता। यही कारण है कि महात्मा गांधी की अहिंसा और भगवान महावीर का जीव-दया का संदेश भी योग की व्यापक चेतना से जुड़ा हुआ दिखाई देता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज मानसिक तनाव, अवसाद, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मनुष्य बाहरी उपलब्धियों के पीछे दौड़ रहा है, लेकिन भीतर से खाली और अशांत होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में योग एक समग्र चिकित्सा-पद्धति के रूप में सामने आया है। योग शरीर, मन और भावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित आसन, प्राणायाम और ध्यान व्यक्ति की प्रतिरक्षा शक्ति को बढ़ाते हैं, तनाव को कम करते हैं तथा मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी दुनिया ने अनुभव किया कि स्वस्थ जीवनशैली और मजबूत प्रतिरोधक क्षमता कितनी महत्वपूर्ण है। उस समय योग, प्राणायाम और ध्यान ने करोड़ों लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भी चिकित्सक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्वीकार करते हैं कि योग अनेक बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन में अत्यंत प्रभावी सहायक माध्यम है।

### क्यों 21 जून को ही मनाया जाता है योग दिवस?

हर साल 21 जून को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग सिर्फ एक शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाने का एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है। आज के समय में दुनिया भर में योग की लोकप्रियता काफी तेजी से बढ़ रही है और लाखों लोगों ने इसको अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इतिहास, थीम और महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं।

कैसे हुई शुरूआत- भारत की पहल पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत हुई थी। 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित करने का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद 175 देशों का रिकॉर्ड समर्थन मिला और 11 नवंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र सभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। वहीं पहली बार 21 जून 2015 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था।

क्यों चुना गया ये दिन- बता दें कि साल का सबसे लंबा दिन 21 जून का होता है। जोकि ग्रीष्म संक्रांति का प्रतीक होता है। भारतीय परंपरा में इस दिन का विशेष महत्व होता है। योग के नजरिए से इसको प्राकृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ा एक अहम दिन माना जाता है।

## सक्रिय जीवन की कुंजी है योग

योग जीवन को संतुलित बनाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने योग को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं कहा। उन्होंने योग को मन को संतुलित करने का एक माध्यम बताया। सनातन काल से यह सर्वसिद्ध है कि व्यवस्थित योग क्रिया के माध्यम से शरीर को पुष्ट किया जा सकता है, निरोग रखा जा सकता है। योग जीवन के सर्वांगीण विकास का एक ऐसा माध्यम है, जो व्यक्ति के लिए सहज है। वास्तव में योग व्यवस्थित जीवन का आधार है। योग के कारण ही व्यक्ति की अनेक प्रकार की व्याधियां दूर होती हैं। मानसिक तनाव भी कम होता है। आजकल की भागदौड़ भरी दिनचर्या के चलते अधिकतर व्यक्ति मानसिक अवसाद की अवस्था की ओर जा रहे हैं, यही अवसाद व्यक्ति के जीवन के सर्वांगीण विकास की राह में अवरोध बनते हैं। इन सबको दूर करने का योग ही एक माध्यम है। योग व्यक्ति की एकाग्रचित्तता को बढ़ाता है, जिससे व्यक्ति किसी कार्य को अच्छी प्रकार से संपादित करता है। योग ही रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करता है। इसलिए योग से जुड़ना व्यक्ति के जीवन के लिए बहुत जरूरी है, योग को आज से ही अपने जीवन का आवश्यक हिस्सा बनाएं।

वर्तमान में विश्व में जितनी भी ज्ञान और विज्ञान की बातें की जाती हैं, वह भारत में युगों पूर्व की जा चुकी हैं। इससे कहा जा सकता है कि भारत में ज्ञान और विज्ञान की पराकाष्ठा थी, लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हम विदेशी चमक के मोहजाल में फंसकर अपने ज्ञान को संरक्षित नहीं कर सके। जिसके कारण हम स्वयं ही यह भुला बैठे कि हम क्या थे। भारत की भूमि से विश्व को एक परिवार मानने का संदेश प्रवाहित होता रहा है, आज भी हो रहा है। यह अकाट्य सत्य है कि विश्व को शांति के मार्ग पर ले जाने का ज्ञान और दर्शन भारत के पास है। योग विधा एक ऐसी शक्ति है, जिसके माध्यम से दुनिया को स्वस्थ और मजबूती प्रदान की जा सकती है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से आज विश्व के कई देश भारत के साथ खड़े हुए हैं। यह विश्व को निरोग रखने की भारत की सकारात्मक वैश्विक पहल है। देव भूमि भारत में वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को आत्मसात करने वाले मनीषियों ने बहुत पहले ही विश्व को स्वस्थ और मजबूत बनाने का संदेश दिया है। पिछले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे विश्व में योग का जो स्वरूप दिखाई दिया, वह अपने आप में एक करिश्मा है। करिश्मा इसलिए क्योंकि ऐसा न तो पहले कभी हुआ है और न ही योग के अलावा दूसरा कार्यक्रम हो सकता है। इतनी बड़ी संख्या में भाग लेने वाले लोगों के मन में योग के बारे में अनुराग पैदा होना वास्तव में यह तो प्रमाणित करता ही है कि अब विश्व एक ऐसे मार्ग पर कदम बढ़ा चुका है, जिसका संबंध सीधे तौर पर व्यक्तिगत स्वस्थता से है। वर्तमान में विश्व के अनेक देश इस सत्य से भली भांति परिचित हो चुके हैं कि योग जीवन संचालन की एक ऐसी शक्ति है, जिसके सहारे तनाव मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है।

### कामाख्या शक्तिपीठ का सबसे बड़ा रहस्य

भारत अपनी संस्कृति और कलाओं के साथ-साथ अपनी आध्यात्म और धार्मिक मान्यताओं के लिए जाना जाता है। खासकर हिंदू धर्म में आस्था से जुड़े कई चमत्कार देखने को मिलते हैं। यहां कई ऐसे मंदिर हैं, जो अपना रहस्यों के लिए जाने जाते हैं। ऐसा ही एक मंदिर पूर्वोत्तर भारत के असम में स्थित है, जो कामाख्या देवी मंदिर है और इसको एक दिव्य और चमत्कारी जगह कहा जाता है। हर साल यहां जून के महीने में आध्यात्म, आस्था और रहस्य का अनूठा संगम देखने को मिलता है। जिसको दुनिया अंबुबाची मेला कहती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस बार यह मेला कब शुरू होगा और इस मेले की क्या खासियत है। असम के गुवाहाटी शहर की नीलाचल पहाड़ियों पर मां कामाख्या का यह पावन धाम मौजूद है। हिंदू धर्म की सभी 51 शक्तिपीठों में मां कामाख्या मंदिर का सबसे खास और ऊंचा स्थान माना गया है। मंदिर की मान्यता है कि यहां बाकी मंदिरों की तरह किसी देवी की मूर्ति नहीं है। मूर्ति की जगह पर यहां एक प्राकृतिक रूप से निर्मित शिला की पूजा होती है। जिसका आकार योनि के समान है। माना जाता है कि देवी सती के योनि का भाग यहां पर गिरा था, जिसके बाद यहां पर शक्तिपीठ बना था।कब लगेगा अंबुबाची मेले अंबुबाची मेला यहां पर होने वाला एक अहम पर्व है। इस मेले से प्राचीन और गहरी धार्मिक मान्यताएं जुड़ी हैं। माना जाता है कि हर साल मेले के दौरान मां कामाख्या अपने मासिक धर्म से गुजरती हैं।

## आधुनिक संकटों का प्राचीन समाधान है योग

दुनिया भर के 170 से भी ज्यादा देश प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह विषय जीवन के सभी चरणों में शारीरिक शक्ति, मानसिक अनुकूलता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में योग की भूमिका का उल्लेख करता है। योग व्यक्तियों को स्वस्थ और अधिक संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित करता रहता है, साथ ही आंतरिक शक्ति और जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय वायुसेना देशभर में योगाभ्यास का आयोजन करेगी, जिसमें उत्तर में लेह के ऊंचे पहाड़ों से लेकर दक्षिण में कार निकोबार के समुद्र तटों तक और पूर्वी सीमांत तवांग से लेकर पश्चिम में पवित्र शहर द्वारका तक के विविध भूभाग शामिल होंगे।

प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन



साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दु:ख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। साल 2023 में ही लगभग 190 देशों में योग दिवस के तहत 25 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया था।

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके। यह भारत के बेहद गर्व भरी उपलब्धि रही कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के महज तीन माह के भीतर 177 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी, जिसके उपरांत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा कर दी गई कि प्रतिवर्ष 21 जून का दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ-साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है। यह भारत की उस धरोहर का पुनर्जागरण है, जिसे आज पूरा विश्व अपनाकर अपने तन, मन और आत्मा को संतुलन में ला रहा है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है।

वृष राशि: आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। सुबह-सुबह व्यायाम करने से सेहत अच्छी बनी रहेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात काबू में रखें., फायदा होगा।

सिंह राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे।

कन्या राशि: आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है।

तुला राशि: आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगे तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है।

मकर राशि: आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। नवविवाहित दंपत्ति को किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। वहां किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी।

मीन राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा।



ओडिशा में विपक्ष के नेता और बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को पत्र लिखकर राज्य भर के 18 लाख लाभार्थियों को पिछले तीन महीनों से पेंशन न मिलने का मुद्दा उठाया। अपने पत्र में पटनायक ने कहा कि इस समस्या ने ओडिशा के सबसे कमज़ोर नागरिकों को मुश्किल में डाल दिया है, जो अब भारी परेशानी, अभाव और भुखमरी के जोखिम का सामना कर रहे हैं। उन्होंने गंजाम की एक महिला पेंशनभोगी की मौत की ओर भी ध्यान दिलाया, जिसकी कथित तौर पर पेंशन लाभ न मिलने के कारण मौत हो गई।

# एमपी-बीजेपी के मंच पर चले लात-घूंसे, मैहर में पूर्व मंत्री के भाई ने सांसद के सामने महामंत्री को पीटा



सतना.(आरएनएस)। एमपी के मैहर जिले में भाजपा के एक बड़े कार्यक्रम के दौरान उस वक्त हंगामा मच गया, जब सांसद और पूर्व मंत्री के सामने ही मंच पर मारपीट हो गई. मंच संचालन कर रहे भाजपा के मंडल महामंत्री को पूर्व मंत्री के भाई ने मंच पर चढ़कर पीटना शुरू कर दिया. इसके बाद मंच पर दोनों के बीच मारपीट हुई, मामला थाने तक भी पहुंच गया है. महामंत्री ने पूर्व मंत्री के भाई पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है. मैहर जिले के ताला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेमिसाल 12 साल पूरे होने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. एक रिसोर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता मौजूद थे. मंच का संचालन मंडल महामंत्री मनीष चतुर्वेदी कर रहे थे. इसी दौरान मंच पर पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल के भाई विजय पटेल आ गए और उन्होंने मंच संचालन कर रहे मंडल महामंत्री मनीष चतुर्वेदी के साथ मारपीट करना शुरू कर दी. इससे कुछ देर के लिए कार्यक्रम में सनाका खिंच गया. घटना की लिखित शिकायत महामंत्री मनीष ने ताला थाने में की है. भाजपा के कार्यक्रम में मंच पर हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में दिख रहा है कि कार्यक्रम का संचालन ताला मंडल के महामंत्री मनीष चतुर्वेदी कर रहे थे. तभी मंच के नीचे से विजय पटेल मंच पर आ गए. महामंत्री से माइक छुड़ाकर मारपीट करने लगे. इस दौरान दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई. हालांकि बाद में मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कराया और मामले को शांत कराया.

**महामंत्री ने थाने में की शिकायत**

मारपीट की इस घटना की लिखित शिकायत मंडल महामंत्री मनीष चतुर्वेदी ने ताला थाने में की है. मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि विजय पटेल के मारने से उनके कान में चोट आई है. उन्होंने विजय पटेल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने शिकायती आवेदन थाने में दिया है. पुलिस ने शिकायत आवेदन को ले लिया है लेकिन मामला दर्ज किया है कि नहीं फिलहाल इसके बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है. वहीं भाजपा के कार्यक्रम में मंच पर हुई मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस को बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया है और कांग्रेस भाजपा पर हमलावर है.

## केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन- 16 दवाओं पर तुरंत बैन, जानिए कौन-कौन सी मेडिसिन है शामिल

नई दिल्ली. केंद्र सरकार ने मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है. इन दवाओं में एंटीबायोटिक, पेट दर्द की दवाएं, मधुमेह की दवाएं और कुछ कॉस्मेटिक व त्वचा संबंधी उत्पाद शामिल हैं. सरकार ने यह कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 26ए के तहत की है. अधिकारियों के मुताबिक, विशेषज्ञ समिति, ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (डीटीएबी) और उसकी उप-समिति की समीक्षा में पाया गया कि इन दवा संयोजनों का कोई ठोस चिकित्सीय आधार नहीं है. साथ ही इनके फायदे साबित करने वाले पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण भी उपलब्ध नहीं हैं.

### दमोह रोड पर हादसा, घायल जबलपुर रेफर

# कार और बस में सीधी टक्कर, एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत



जबलपुर/दमोह.(नगर प्रतिनिधि) एमपी के दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर एक कार और बस में सीधी टक्कर हो गई. जिससे कार में सवार 3 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं, 2 लोग घायल हो गए हैं. घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है.दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर बस और कार में शुक्रवार की देर शाम जोरदार भिड़ंत हो गई. जिसमें कार में सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में इलाज के लिए भर्ती किया गया है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली.

एक परिवार के 3 लोगों की मौत

मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया, बस और कार की भिड़ंत में कार में सवार एक ही परिवार के अखिलेश प्रजापति, मुकेश प्रजापति और माया प्रजापति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि कार चालक रशीद खान निवासी शाहगढ़ और रीना प्रजापति घायल घायल हो गए. जिनका उपचार चल रहा है.

पूरी तरह चकनाचूर हुई कार

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस जबलपुर से दमोह की तरफ आ रही थी, वहीं कार कटनी से शाहगढ़ की तरफ जा रही थी. जब दोनों वाहन जबेरा से कुछ ही किलोमीटर दूर पुरेनहाउ के पास पहुंचे, तो क्रॉसिंग के दौरान उनमें सीधी टक्कर हो गई. जिससे कार बुरी तरह चकनाचूर हो गई. जबेरा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सीबीएमओ डॉ डीके राय ने बताया कि घटना में 3 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. उनके शव बरामद कर लिए गए हैं. पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और उसमें बैठी सभी सवारियां उसमें फंस कर रह गई. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह कार के दरवाजे तोड़कर लोगों को बाहर निकाला. लेकिन तब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी थी.

# एमपी के बड़े अधिकारियों पर सरकार ने लगाई लगाम, खर्चों में कटौती, होटलों में रुकने, राज्य के बाहर जाने पर रोक



भोपाल.(आरएनएस)। सरकार ने एमपी के बड़े अधिकारियों के खर्चों पर लगाम लगाई है. वैश्विक संकट के बीच मोहन यादव सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए अफसरों के अनावश्यक खर्चे पर रोक लगा दी है. भारसाधक सचिव स्तर से नीचे के अफसर तब तक सरकारी खर्चे पर प्रदेश से बाहर की यात्रा नहीं कर सकेंगे, जब तक कि भारसाधक सचिव अनुमति न दे दें.

भारसाधक सचिवों को भी ऐसी यात्राओं के लिए मुख्य सचिव से अनुमति लेनी होंगी. जो बैठकें वर्चुअल हो सकती हैं, उनके लिए प्रत्यक्ष जुटने पर रोक रहेगी.

वाहन पूल को बढ़ावा देना होगा. ई-व्हीकल का उपयोग करना होगा. वरिष्ठ अधिकारी अब निजी होटलों में नहीं ठहर सकेंगे. सरकार ने आम लोगों को भी सलाह दी है कि तेल कम खाएं. इस विषय पर स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक करेगा.

**सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सर्कुलर जारी किया**

सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव सचिंद्र राव ने इस संबंध में सर्कुलर जारी किया है. इसके अनुसार भारसाधक सचिव प्रति माह प्रदेश से बाहर की यात्राओं की जानकारी सीएस को देंगे. निजी होटलों में नहीं ठहर सकेंगे. मुंबई, दिल्ली में यात्रा के दौरान आवासीय आयुक्त की मदद लेनी होगी.

**सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना होगा**

विभागों को सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना होगा. ऑफिस आने-जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना होगा.

किसानों व अन्य को जैविक व प्राकृतिक खाद उपयोग को बढ़ावा देना होगा. कृषि विभाग को जन- जागरुकता लानी होगी.खाद्य विभाग को पीएनजी नेटवर्क के विस्तार के लिए अनुमतियों पर तत्काल कार्रवाई करनी होगी. उज्जवला योजना, सामान्य एलपीजी उपभोक्ताओं के डुप्लीकेट कनेक्शनों की पहचान कर निरस्त करना होगा.

सभी विभागों को अपने भवनों में सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करना होगा.

खनिज विभाग को ऐसे क्रिटिकल मिनरल्स जिनके आयात पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है की अनुज्ञाएं एवं लीज अप्रूवल की प्रक्रिया सबसे पहले पूरी करनी होंगी.

**कई मंत्री, विधायकों ने कारों का काफिला घटाया**

बता दें कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईंधन संकट को देखते हुए लोगों से विदेश दौरों पर नहीं जाने और वाहन पूलिंग जैसे उपाय करने की अपील की थी. इसके बाद प्रदेश के कई मंत्री, विधायकों ने अपनी कारों का काफिला भी घटाया. अब अधिकारियों के खर्चे कम किए जा रहे हैं.

## राष्ट्रपति के जबलपुर दौरे को लेकर विशेष यातायात व्यवस्था, कई मार्गों पर रहेगा डायवर्सन



जबलपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 20 एवं 21 जून 2026 को प्रस्तावित जबलपुर आगमन के मद्देनजर शहर में विशेष यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था लागू की गई है। राष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड में आयोजित योग कार्यक्रम तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके चलते 21 जून को विभिन्न मार्गों पर यातायात प्रतिबंध और डायवर्सन लागू रहेगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार सुबह 5 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक भारी वाहन, यात्री बसें एवं लोडिंग वाहन एकता मार्केट से डायवर्ट होकर चूल्हा गोलाई मार्ग से शहर की ओर आवागमन करेंगे। वहीं सुबह 6 बजे से 9 बजे तक पेंटीनाका, सृजन चौक, यादगार चौक एवं टीआई क्रॉसिंग से गैरीसन ग्राउंड की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

## गोरखपुर गुरुद्वारा के सामने चले चाकू, युवक घायल; साहिल और प्रतीक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जबलपुर।(नगर प्रतिनिधि) थाना गोरखपुर अंतर्गत गुरुद्वारा के सामने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंट के बगीचा नंबर 55, पासी मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय आदित्य स्वामी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आदित्य तैयब अली पेट्रोल पंप के पास स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता है। शुक्रवार रात लगभग 9-45 बजे वह गोरखपुर गुरुद्वारा के सामने कपड़े डाई कराने गया था। इसी दौरान वहाँ उसे साहिल ठाकुर मिला, जो पुराने विवाद को लेकर उससे झगड़ा और गाली-गलौज करने लगा। विवाद के दौरान ही साहिल ठाकुर का साथी प्रतीक भी वहाँ पहुँच गया। इसके बाद दोनों आरोपियों ने आदित्य के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच साहिल ठाकुर ने अपने पास रखे चाकू से हमला कर आदित्य के बाएं पैर की जांघ में गंभीर चोट पहुँचा दी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## पीएम मोदी ने ओडिशा को दी 47000 करोड़ की सौगात, बोले- यह लोकतंत्र और विकास का उत्सव



ओडिशा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति के 68वें जन्मदिन के मौके पर उनके गृहनगर पहाड़पुर में ओडिशा के मयूरभंज ज़िले के दौरे पर हैं। इस दौरे के दौरान, दोनों नेताओं ने पवित्र संताली जाहेरा और हो जाहेरा स्थलों पर पूजा-अर्चना की और स्थानीय आदिवासी समुदायों द्वारा की जाने वाली पारंपरिक प्रकृति-पूजा में हिस्सा लिया। यह दौरा आदिवासियों तक पहुँचने के एक बड़े अभियान का हिस्सा है। इसमें शिक्षा और कौशल विकास के ज़रिए आदिवासी आबादी को सशक्त बनाने की कोशिशों को उजागर करने के लिए एक स्थानीय कौशल विकास केंद्र और एक स्कूल का दौरा भी शामिल था।

## दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन में सीट पर हुए विवाद में हत्या, युवक को पीट-पीटकर मार डाला

नई दिल्ली. दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में एक यात्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान बागपत, उत्तर प्रदेश निवासी पंकज धामा के रूप में हुई है. घटना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर योग एक्सप्रेस ट्रेन में उस समय हुई जब यात्री ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंकज धामा योग एक्सप्रेस ट्रेन में जनरल डिब्बे में चढ़ने की कोशिश कर रहा था, तभी कुछ अन्य यात्रियों के साथ उसका विवाद हो गया, यात्रियों के बीच भारी धक्का-मुक्की शुरू हो गई. विवाद इतना बढ़ गया कि अन्य यात्रियों ने पंकज पर लातों और घूंसों से बेरहमी से हमला कर दिया. इस हमले के दौरान पंकज अचेत होकर गिर पड़ा. घटना के समय प्लेटफार्म पर मौजूद रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के एक सिपाही ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे.

# पाकिस्तान पर भीषण ड्रोन अटैक, मारे गए भारत के कई दुश्मन!



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारत तो पाकिस्तान की खैर सेना और आतंकियों को तगड़ा सबक सिखाते हुए इन्हें 72 औरों के पास पहुंचा ही रहा है। लेकिन अब भारत के प्रति वफादारी दिखाने वाले अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के पालतू जिहादियों को ढेर करना शुरू कर दिया है। इस बार अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से ऐसा बदला लिया है कि जिसकी तबाही को देखकर मुनीर और शहबाज ने इमरजेंसी मीटिंग बुला डाली और पाकिस्तान के कई इलाकों को हाईलाइट पर रखा गया है। दरअसल पाकिस्तान की एयरफोर्स ने हाल ही में अफगानिस्तान में कई हवाई हमले किए थे जिसमें कई आम लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि इसके जवाब में अफगानिस्तान ने भी हमले किए थे। लेकिन इन हमलों में पाकिस्तान को कम नुकसान हुआ था। मगर कुछ दिनों बाद अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से बहुत बड़ा बदला लेते हुए पूरे पाकिस्तान को धुआधुआ कर दिया है। खबर है कि अफगानिस्तान ने बलूचिस्तान और खबर पख्तूनखा में ताबड़तोड़ ढूंढ हमले किए हैं जिसमें आईएसआईएस आतंकियों के कई ठिकाने तबाह हो गए हैं। कहा जा रहा है कि हमले इतने जबरदस्त थे कि कई आतंकियों के चितड़े उड़ गए। गौर करने वाली बात तो यह भी है कि जिन आतंकी ठिकानों को अफगानिस्तान की सेना ने इस बार निशाना बनाया है। यहां से ही भारत के खिलाफ हमले की साजिशें रचने की खबरें आती रहती है। अफगानिस्तान की इस तगड़ी कार्रवाई ने पूरे पाकिस्तान में भगदड़ मचा दी है। तालिबान का पाकिस्तान के भीतर ड्रोन हमले को अंजाम देना असीम मुनीर की सेना के लिए बहुत बड़ा झटका है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए पाकिस्तान में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमलों की पुष्टि की है।

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इन जगहों से अफगानिस्तान के खिलाफ कई घातक हमलों की साजिश रची गई थी। ऐसे में उनकी आर्मी ने ड्रोन के जरिए पाकिस्तान के दो प्रांतों में इन ठिकानों को निशाना बनाया। हवाई हमलों में आईएसआईएस के ठिकानों के साथ-साथ उन चरमपंथी समूह के ठिकानों को भी निशाना बनाया गया जो अफगानिस्तान के विरोधी है। दरअसल पाकिस्तान पिछले कुछ दिनों से अफगानिस्तान पर लगातार अटैक कर रहा था। तब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से बदला लेने की बात कही थी। लेकिन अब उसने ऐसा कर भी दिया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा है कि पिछले हफ्ते नंगाहार और पख्तिया में पाकिस्तान के हवाई हमलों में जान माल का भारी नुकसान हुआ था। इनमें अफगान महिलाएं और बच्चे मारे गए थे।

## जयराम रमेश का बड़ा आरोप, बोले- एनडीए पार्टियों को तोड़ने में जुटा है

नईदिल्ली, (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर बदले की राजनीति करने का गंभीर आरोप मढ़ा है। उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री मिलकर विपक्षी खेमे में दरार पैदा करने की कोशिशों में जुटे हैं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संक्षिप्त नाम % एनडीए % को एक नया रूप देते हुए इसे %नेशनल डिफेक्टर अलायंस% यानी %राष्ट्रीय दल-बदलु गठबंधन% के रूप में परिभाषित किया। कांग्रेस नेता का तर्क है कि सत्तापक्ष यह सब केवल विपक्षी दलों की एकजुटता और उनके मनोबल को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से कर रहा है।

विधेयक पर बहुमत की विफलता और संसद की हालिया वोटिंग

जयराम रमेश ने अपने दावों को पुख्ता करने के लिए 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा के भीतर हुए घटनाक्रम का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि उस दिन सरकार द्वारा संविधान संशोधन विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक को सदन में पारित कराने के लिए प्रस्तुत किया गया था। हालांकि, जब संविधान संशोधन विधेयक पर मतदान की बारी आई, तो सरकार आवश्यक दो-तिहाई बहुमत जुटाने में पूरी तरह नाकाम रही। इस प्रक्रिया में सरकार के पक्ष में 298 मत पड़े, जबकि इसके विरोध में विपक्ष ने एकजुटता दिखाते हुए 230 वोट डाल दिए। उन्होंने कहा कि सदन में मिली इस शिकस्त ने शीर्ष नेतृत्व को बेहद असहज कर दिया है, क्योंकि पूरी ताकत झोंकने के बाद भी गृह मंत्री जरूरी संख्या बल का आंकड़ा हासिल नहीं कर सके।

# मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी शिविरों में 5 हजार से अधिक हितग्राहियों को मिला शासन की योजनाओं का लाभ



## सभी 16 संभागों में आयोजित हुए शिविर में हितग्राहियों को सभी योजनाओं के मिले लाभ



जबलपुर। नागरिकों को शासन की हितग्राहीमूलक और कल्याणकारी योजनाओं का सीधा, त्वरित और पारदर्शी लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार पहल की जा रही है। भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशानुसार, नगर निगम द्वारा शहर के सभी 16 संभागों में जनकल्याण शिविरों का सफल आयोजन किया गया। सुशासन और जन-सेवा को समर्पित इन शिविरों के माध्यम से एक ही छत के नीचे 5 हजार से अधिक हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान कर उनके जीवन को सुगम बनाने का सराहनीय कार्य किया गया है।

? ?नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में आयोजित शिविरों के प्रति हितग्राहियों में भारी उत्साह देखा गया। शहर के सभी 16 संभागों में बने केंद्रों पर सुबह से ही हितग्राहियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहाँ हितग्राहियों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़े। एक ही परिसर में स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वरोजगार, और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र सरकार की समस्त प्रमुख योजनाओं के काउंटर लगाए गए थे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरी तत्परता दिखाते हुए आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया और उन्हें पात्रता के अनुसार तुरंत हितलाभ सौंपे।

शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी पात्र नागरिक जानकारी या पहुँच के अभाव में शासन की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। 5 हजार से अधिक परिवारों तक सीधे पहुँचे इस लाभ से शहर में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।। थाना गोरखपुर में को आदित्य स्वामी उम्र 18 वर्ष निवासी बगीचा नम्बर 55 पासी मोहल्ला केण्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कपड़े की दुकान तैयब अली पेट्रोल पम्प के पास काम करता है दिनांक 19-6-26 को रात लगभग 9-45 बजे वह गोरखपुर गुरूद्वारा के सामने कपड़े डाई कराने गया था जहां साहिल ठाकुर मिला जो पुराने विवाद को लेकर झगड़ा करते हुये गाली गलौज करने लगा तभी साहिल ठाकुर का साथी प्रतीक भी आ गया फि़र दोनों उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे, साहिल ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर वायें पैर की जांघ में चोट पहुॅचा दी



# स्लीमनाबाद में सगाई समारोह में जा रहा तूफान वाहन पलटा, महिलाओं और बच्चों समेत 6 लोग हुए घायल



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले के स्लीमनाबाद में नेशनल हाईवे-30 सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे यात्रियों से भरा एक तूफान वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया. भेड़ा टेक के पास शुक्रवार रात हुए इस हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित करीब 6 लोग घायल हो गए हैं.

कटनी जा रहा था परिवार

जानकारी के अनुसार, तूफान वाहन (एमपी35 बीए 0871) पन्ना जिले से एक परिवार और उनके रिश्तेदारों को लेकर सिहोरा के रास्ते कटनी में आयोजित एक सगाई समारोह में शामिल होने जा रहा था. शुक्रवार रात करीब 9 बजे स्लीमनाबाद के भेड़ा टेक स्थित फोरलेन बायपास के पास चालक ने तेज रफ्तार वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी पलट गई.

राहगीरों और पुलिस ने मिलकर किया रेस्क्यू

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई. राहगीरों की सूचना पर स्लीमनाबाद थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सूझबूझ के साथ वाहन से बाहर निकाला. पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत एम्बुलेंस और सरकारी वाहनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद पहुंचाया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों के अनुसार, कुछ घायलों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर लिया गया है. फिलहाल सभी की स्थिति नियंत्रण में है.

## ई रिक्शा चुराने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर.- थाना लार्डगंज में अंकित कुमार प्रजापति उम्र 29 वर्ष निवासी शिवनगर गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फ्लेक्श का काम करता है दिंनाक 18-6-26 की शाम लगभग 4-30 बजे अपना मोरनी कम्पनी का आटो क्रमांक एमपी 20 जेड के 8242 अपनी दुकान शिव प्रिंटर रानीताल के सामने खड़ी करके दुकान पर काम करने चला गयाय था रात लगभग 10 बजे वापस घर जाने के लिये बाहर आकर देखा उसका ई रिक्शा गायब था। कोई अज्ञात चोर उसका ई रिक्शा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# खटीक मोहल्ला में लगी भीषण आग, बेकरी जलकर खाख, लाखों का हुआ नुकसान




**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के खटीक मोहल्ला स्थित जैन बेकरी में शनिवार 20 जून की सुबह अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान के साथ मकान के एक हिस्से को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय घर में मौजूद परिवार के सदस्यों को आसपास के लोगों की सतर्कता और तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

बताया जाता है कि सुबह बेकरी से धुआं और आग की लपटें उठती देख क्षेत्रवासियों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा खाद्य सामग्री, फर्नीचर, विद्युत उपकरण और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। आग की चपेट में आने से घर में रखा घरेलू सामान भी नुकसानग्रस्त हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस और दमकल विभाग द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

# राष्ट्रपति का दौरा - जबलपुर रेलवे स्टेशन पर हाईअलर्ट, डॉग स्क्वायड से कराई जा रही, जांच, ट्रेनों में भी चेकिंग



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संस्कारधानी जबलपुर आगमन को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह मजबूत कर दिया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन सहित आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। बता दें कि राष्ट्रपति आज (20 जून) शहरर पहुंचेंगी और रविवार को कई कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

वीवीआईपी मूवमेंट से पहले स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा के हर पहलू की जांच की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत रेलवे के डॉग स्क्वायड को भी तैनात किया गया है।

खोजी कुत्तों की मदद से स्टेशन के एंट्री-एग्जिट पॉइंट, पार्सल घर, प्रतीक्षालय और प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध सामान और लावारिस वस्तुओं की जांच की जा रही है।

संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही

हाई अलर्ट के बीच आरपीएफ की टीम जबलपुर से आने-जाने वाली सभी ट्रेनों पर नजर रख रही है।

स्टेशन पर रुकने वाली प्रमुख ट्रेनों के कोच में जाकर तलाशी ली जा रही है। यात्रियों के सामान की रैंडम चेकिंग के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों वाले लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

**ट्रेनों और स्टेशन परिसर की लगातार निगरानी**

रेलवे पुलिस अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सुरक्षा घेरा सख्त कर दिया गया है। किसी भी तरह की सुरक्षा चूक से बचने के लिए ट्रेनों और स्टेशन परिसर की लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने साफ किया है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

## अमखेरा कुदवारी में चले चाकू, युवक गंभीर रूप से घायल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गोहलपुर क्षेत्र में शादी की बात करने पहुंचे एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, फूटाताल बढ़ई मोहल्ला बेलबाग निवासी 25 वर्षीय प्रिस विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि वह गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपनी दोस्त की मां कृष्णा बाई नामदेव से शादी के संबंध में चर्चा करने अमखेरा कुदवारी स्थित उनके घर गया था। वह अपनी दोस्त पायल नामदेव और उसकी मां के साथ घर में बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान पायल के चाचा का पुत्र मनू नामदेव उसे आवाज देकर घर के बाहर बुलाकर ले गया, जहां उसके साथ तरुण उर्फ शेरा भी मौजूद था। आरोप है कि तरुण ने उससे शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग की। रुपये देने से इनकार करने पर दोनों गाली-गलौज करने लगे।

# लापता छात्र का शव नर्मदा नदी में मिला, पुलिस जांच में जुटी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।।** गौर क्षेत्र स्थित संत एलॉयसिस बॉयज हॉस्टल से 17 जून 2026 की शाम को अचानक गायब हुए 21 वर्षीय छात्र गुरुतेज बहादुर शाह का शव जमतरा के पास नर्मदा नदी में बहता हुआ पाया गया है। मूल रूप से डिंडौरी जिले के किसलपुरी निवासी मृतक की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके छोटे भाई चर्चिल तेज बहादुर शाह ने गौर चौकी में दर्ज कराई थी। दो दिन से जारी तलाश के बाद गुरुवार को नदी में शव मिलने से हॉस्टल और परिजनों में हड़कंप मच गया। बरेला थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की सघन जांच शुरू कर दी है। मृतक के चाचा दलवीर सिंह के अनुसार यह हादसा गहरे पानी में डूबने की वजह से हुआ हो सकता है। छात्र 17 जून की शाम लगभग 6-30 बजे बिना किसी को जानकारी दिए हॉस्टल परिसर से बाहर निकला था। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटा, तब सहपाठियों और जानकारों से पूछताछ के बाद पुलिस में शिकायत दी गई थी। नदी में शव दिखने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला, जिसके बाद उसकी पहचान गुरुतेज के रूप में हुई। पुलिस प्रशासन अब इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि छात्र हॉस्टल से सीधे नर्मदा नदी तक कैसे और किन परिस्थितियों में पहुंचा। वह वहां अकेले गया था या उसके साथ कोई और भी था, इन सभी बिंदुओं पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस दुखद घटना के बाद से मृतक के गृह ग्राम और हॉस्टल परिसर में शोक का माहौल बना हुआ है।

# बंद रेलवे फाटक के पास मामूली कहासुनी में मजदूर पर जानलेवा हमला

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत टिकरिया निवासी 32 वर्षीय मजदूरी करने वाले शिशुपाल सिंह पर केवलारी फाटक के पास ट्रैक्टर हटाने की बात को लेकर मोटरसाइकिल सवार अक्षय माना और उसके दो अज्ञात साथियों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। फाटक बंद होने के कारण वाहनों की कतार में खड़े शिशुपाल से आरोपियों ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर ट्रैक्टर से नीचे उतारकर मारपीट करते हुए पेट में चाकू घोप दिया। वारदात को अंजाम देकर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल युवक को पहले शासकीय अस्पताल और फिर वहां से तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। सूचना पर पहुंची गोसलपुर थाना पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज कर आरोपी अक्षय माना सहित उसके दो साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 109 एवं 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित शिशुपाल सिंह ट्रैक्टर लेकर अपने खेत से वापस घर लौट रहा था। जब वह केवलारी फाटक के पास पहुंचा तो ट्रेन आने के कारण फाटक बंद था और वहां पहले से ही कई गाड़ियां लाइन में खड़ी थीं। शिशुपाल ने भी अपना ट्रैक्टर लाइन में लगा दिया। इसी बीच पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अक्षय माना अपने दो अन्य दोस्तों के साथ वहां आया। उसने सामने रास्ता बंद होने के बावजूद शिशुपाल पर तुरंत ट्रैक्टर हटाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब शिशुपाल ने कहा कि फाटक खुलने के बाद ही गाड़ी आगे बढ़ पाएगी, तो तीनों आरोपी भड़क गए। वे बिना वजह गाली-गलौज करने लगे। जब युवक ने इसका विरोध किया, तो मामला शांत होने के बजाय और ज्यादा बढ़ गया।

# गढ़ा धनवंतरी नगर पुरवा रोड स्थित अवैध कबाड़खाने में लगी भीषण आग

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** गढ़ा धनवंतरी नगर पुरवा रोड स्थित एक कबाड़खाने में भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया है। आग की लपटें इतनी तेज है कि दूर-दूर तक धुआं ही धुआं नजर आ रहा है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के 5 से 6 वाहन मौके पर पहुंचे गयी है और आग पर काबू पाने के प्रयास लगातार जारी है।

घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई, वहीं पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को दूर रहने की अपील की है। घटना के बाद क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज हो गई है कि जिस कबाड़खाने में आग लगी, वह कथित रूप से अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा था। रहवासी क्षेत्र के बीच इतने बड़े कबाड़खाने के संचालन को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि यदि कबाड़खाना बिना वैध अनुमति के चल रहा था, तो उसे संचालित करने की अनुमति किसने दी और संबंधित विभागों द्वारा इसकी निगरानी क्यों नहीं की गई। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रशासन की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों और कबाड़खाने की वैधता को लेकर जांच की मांग जोर पकड़ रही है।



**नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम ने 15 मिनट में पाया काबू,टला बड़ा हादसा**

जबलपुर। धनवंतरी नगर के पुरवा बस्ती स्थित एक कबाड़ गोदाम में अचानक भड़की आग पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम ने सतर्कता दिखाते हुए महज 15 से 20 मिनट के भीतर पूरी तरह काबू पा लिया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में टीम की इस त्वरित कार्रवाई के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया और आस-पास की घनी आबादी वाले क्षेत्र को सुरक्षित बचा लिया गया। इस संबंध में अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर ने बताया कि पुरवा बस्ती में स्थित कबाड़ गोदाम से अचानक धुएं का गुबार और आग की लपटें उठती देख स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया था। कबाड़ में प्लास्टिक और ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी। इसकी सूचना नागरिकों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी।

**उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने किया परीक्षा परिणामों का विमोचन, कहा - यह महाविद्यालय अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा**

# 'ज्ञान, गुणवत्ता और गति' का उत्कृष्ट संगम - 15 दिवस में 63 विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित कर शासकीय होम साइंस कॉलेज बना प्रदेश के लिए प्रेरणादायी मॉडल'



जबलपुर। शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में आज शैक्षणिक उत्कृष्टता, समयबद्ध कार्यसंस्कृति और छात्रा-केंद्रित शिक्षा व्यवस्था का एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। मध्यप्रदेश शासन के माननीय उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के 63 परीक्षा परिणामों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे एवं विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. सुनील सिंह, भोपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। 3780 छात्राओं वाला यह प्रतिष्ठित महाविद्यालय वर्तमान में महिला उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, भारतीय ज्ञान परंपरा, कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। महाविद्यालय ने 12 वर्षों के अंतराल के पश्चात पुनः ह्रष्ट का %% ग्रेड प्राप्त किया तथा इस उपलब्धि का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। वर्तमान में संस्थान %डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी% बनने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है।

इस अवसर पर माननीय मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि परीक्षाओं के सम्पन्न होने के मात्र 15 दिवस के भीतर 63 विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित करना एक असाधारण उपलब्धि है। यह महाविद्यालय की प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता और उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान मध्यप्रदेश के अन्य महाविद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा तथा नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंत्री जी ने भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय शिक्षा दर्शन, अनुसंधान, नवाचार एवं मूल्य-आधारित शिक्षा को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें चरित्र निर्माण, नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनना चाहिए। इस अवसर पर विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने महाविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि समयबद्ध परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा प्रदान करते हैं और यह महाविद्यालय उत्कृष्टता का नया मानदंड स्थापित कर रहा है।

आज घोषित किए गए परीक्षा परिणामों में बी.एससी. तृतीय वर्ष के 37 विषय-संयोजन, एम.एससी. दो वर्षीय पाठ्यक्रम (द्वितीय सेमेस्टर) के 7, बी.एससी. चतुर्थ वर्ष के 08, एम.एससी. एक वर्षीय पाठ्यक्रम के 6 तथा एम.एससी. प्रथम वर्ष (ंज्ञयज्ञ प्रथम सेमेस्टर) के 5 विषय सम्मिलित रहे। इन परीक्षा परिणामों का समयबद्ध प्रकाशन प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में परीक्षा नियंत्रक एवं समस्त संकाय सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से संभव हो सका। उनकी सतत निगरानी, प्रशासनिक नेतृत्व एवं टीम भावना के कारण यह उपलब्धि साकार हुई। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग प्राणीशास्त्र विभाग के डॉ. अर्जुन शुक्ला द्वारा तथा आभार प्रदर्शन डॉ. दुर्गा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आभा तिवारी, डॉ. सुदीप्ता सान्याल, डॉ. निधि चौबे, डॉ. पूजा चौबे, डॉ. राजकुमार गौतम, डॉ. सुधीर चंदेल, डॉ. आर.एन. साकेत, डॉ. विनोद, डॉ. गढ़ेकर सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पार्लर संचालक व उसकी पत्नि को कोर्ट का नोटिस

जबलपुर। गोरखपुर निवासी यश मेडम एटसैलून के संचालक आयुष भार्गव एवं उसकी पत्नि श्रीमति आयुषी भार्गव को कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। पार्लर के कार्यरत परिवादनी का पति से तलाक चल रहा था, जिसकी जानकारी उन्हें प्राप्त हुई और गलत कार्य करने का दबाव बनाने लगे थे।

जब परिवादनी ने उक्त कार्य करने को मना किया तब उसे नौकरी से निकाल दिया एवं 25 हजार रूपये पुराने बाकी वेतन का पैसा देने से मना कर दिया तथा झूठे चोरी की रिपोर्ट में फंसानी की धमकी दी गई । परिवादनी द्वारा थानें में शिकायत किये जाने पर कार्यवाही न होने पर न्यायिक दंडाधिकारी शुभांगी पार्लो दत्त की न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर न्यायालय ने जवाब हेतु नोटिस जारी किए। परिवादी की ओर से अधिवक्ता सचिन अग्रवाल, चेतना गुप्ता, शीर्ष अग्रवाल , राजेन्द्र नामदेव, विनय उपाध्याय, रविन्द्र नाथ बाबा ने पैरवी कर रहे है।

## मारपीट करने वाले सात आरोपीयो को मिला कारावास

जबलपुर। न्यायालय सोनाली बंसल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा पारित निर्णय में अधारताल थानांतर्गत मारपीट करने के आरोपी सचिन सिंह, विकास सिंह, राघवेन्द्र सिंह, आशीष, वीरेन्द्र सिंह, मुकेश उर्फ कमलेश सिंह तथा रामकृष्ण उर्फ बिन्नू को धारा 148 भादवि में 1-1 वर्ष का कारावास 5-5 सौ रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।

17.08.2015 को न्यायालय में पेशी करने के उपरांत ग्राम इमलई निवासी किशनलाल बर्मन, भाई दिनेश तथा अशोक लौट रहे थे तभी बस से उतारकर आरोपियों ने मारपीट की थी। प्रकरण में शासन की ओर से ब्रजेश असाठी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा पैरवी की गई।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोराबाजार में मोहम्मद कलीम उम्र 37 वर्ष निवासी बंगला नं.05 कंटगा क्रासिंग थाना केन्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मकान तोडने का ठेका लेता हूं, उसे कुशल अग्रवाल द्वारा मकान तोडने का ठेका दिया गया था जिसका मकान बिलहरी मे है दिनांक 27/04/26 से मकान तोडने का काम चल रहा था मकान तोडने के लिये 02 हेमर मशीन, 01 ग्लाईडर मशीन, 03 जोडी बिजली वायर, 03 बडे घन, 03 छोटे हथोडी, 02 छोटी छैनी, 02 बडी छैनी एवं लोहा रखे थे, जिन्हे दिनांक 26/05/26 के सुबह 04-05 बजे के बीच घर में घुस कर व ताला तोड कर किसी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया है,





# सतना-रीवा-सीधी रेलखंड का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेलवे में नई रेल लाइन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण जैसी महत्वपूर्ण अधोसंरचना परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह ने शनिवार 20 जून 2026 को सतना-रीवा-सीधी रेलखंड का निरीक्षण कर निर्माण एवं संरक्षा संबंधी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

महाप्रबंधक ने सतना-रीवा रेलखंड का रियर विंडो निरीक्षण करते हुए रेल पथ, सिग्नलिंग प्रणाली, पुलों, समपार फाटकों, ओएचई तथा अन्य संरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने रेलखंड पर चल रहे अनुरक्षण एवं अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक श्री सिंह ने रीवा रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज एवं स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने माल गोदाम, वाशिंग पिटलाइन, कोच अनुरक्षण सुविधाओं, प्लेटफार्म कवर शेड, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' स्टॉल तथा निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज का अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में चल रहे अधोसंरचना एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए यात्रियों हेतु उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह ने रीवा में ही मध्य प्रदेश शासन के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, रीवा सांसद श्री जनार्दन मिश्रा तथा सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्र से भेंट कर यात्रियों की सुविधाओं, स्टेशन विकास एवं क्षेत्रीय रेल आवश्यकताओं से संबंधित सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने प्राप्त सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने निर्माणाधीन सीधी रेलवे स्टेशन एवं निर्माणाधीन सोन ब्रिज का व्यापक निरिक्षण किया। इस दौरान संबंधित ट्रैक कार्यों का विस्तृत परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ब्रिज लेआउट ड्राइंग, गर्डर, स्पान संरचना, ब्रिज बेयरिंग, प्लेट, चैनल स्लीपर तथा चेयर प्लेट सहित विभिन्न तकनीकी एवं संरक्षा संबंधी पहलुओं की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि 541 किलोमीटर लंबी ललितपुर-सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाली रीवा-सीधी-सिंगरौली (163 किमी) रेल परियोजना का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। परियोजना पूर्ण होने पर क्षेत्र में बेहतर रेल संपर्क स्थापित होगा तथा व्यापार, उद्योग और रोजगार को नई गति मिलेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम.एस. हाश्मी, मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) श्री राहुल जयपुरियार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग) श्री अनुराग पाण्डेय सहित निर्माण, संरक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यादों का समागम- हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रथम बैच ने मनाया सिल्वर जुबली रियूनियन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में उस समय एक बेहद भावुक और यादगार माहौल देखने को मिला, जब कॉलेज के सबसे पहले पास-आउट बैच (वर्ष 2001) के पूर्व छात्रों ने अपनी पढ़ाई पूरी होने के 25 वर्ष पूरे होने पर %सिल्वर जुबली रियूनियन% (समागम 2026) का आयोजन किया। हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन (हेका) के सहयोग से आयोजित इस समारोह में देश-विदेश से इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओं के लगभग 85 पूर्व छात्र हितकारिणी हिल्स कैंपस में पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व छात्र प्रतिनिधियों - डॉ राज तिवारी, डॉ. तपन जैन, इंजी. निखिल अग्रवाल, इंजी. सौरभ मक्कड़, इंजी. सचिन गुप्ता और कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रिंकू कथूरिया द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई।

इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपने करियर की नींव रखने वाले डॉ. सुधीर भट्ट, डॉ. राजीव खत्री, डॉ. वाई. एम. दुबे, डॉ. अविनाश गौर, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, डॉ. स्मिता सेलोट, प्रो. देबाशीष मुखर्जी, प्रो. मीनाक्षी श्योरे, प्रो. मिताली मित्रा, डॉ. सपना रिछारिया, डॉ. नितेश दुबे, डॉ. रिंकू कथूरिया, प्रो. राजा नामदेव, प्रो. वंदना अरोड़ा, प्रो. भावना जैन और इंजी. दिनेश मिश्रा का शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। कॉलेज के चेयरमैन इंजी. नितिन अग्रवाल ने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज का सच्चा एंबेसडर बताया और कहा कि पूर्व छात्रों का वापिस कैंपस में एकत्र होना संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने एलुमनाई नेटवर्क को मजबूत करने और वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष श्री बाबू चंद्रमोहन जी का आशीर्वाद संदेश भी पढ़ा गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित विशिष्ट पूर्व छात्र डॉ. तपन जैन (प्रोफेसर, ट्रिपल आई टी नागपुर) और इंजी. प्रदीप नामदेव (सीईओ, प्रखर सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस, नोएडा) ने अपने पुराने दिनों की यादें साझा कीं। समारोह में उन सहपाठियों और शिक्षकों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। अंत में सभी पूर्व छात्रों ने पुरानी यादों को समेटे हुए अपने-अपने विभागों, प्रयोगशालाओं और क्लासरूम्स का दौरा किया और संस्थान की प्रगति की सराहना की।

## स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल

# जबलपुर का कठौंदा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बना मिसाल

**निगमायुक्त ने प्लांट संचालन व्यवस्था की समीक्षा कर अमले को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**प्रतिदिन 500 से 800 टन कचरे का निष्पादन कर 11.5 मेगा वॉट बिजली का हो रहा है उत्पादन**

**स्वच्छता के लिए वरदान साबित हो रहा है कठौंदा का वेस्ट टू एनर्जी प्लांट**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार ऊंचाइयों को छू रहे संस्कारधानी जबलपुर के लिए कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट एक बड़ा वरदान साबित हो रहा है। यह प्लांट न केवल शहर को कचरे के ढेर से मुक्ति दिला रहा है, बल्कि कचरे से कंचन बिजली बनाने के मंत्र को भी साकार कर रहा है। वर्तमान में इस प्लांट के माध्यम से प्रतिदिन 500 से 800 टन कचरे का सुरक्षित निष्पादन किया जा रहा है, जिससे 11.5 मेगावाट ग्रीन एनर्जी बिजली का उत्पादन हो रहा है।

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने प्लांट की संचालन व्यवस्था की आज विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित अमले और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्लांट की मुख्य विशेषताएं और सफलताएं

शहर से निकलने वाले सैकड़ों टन कचरे को खुले में डंप करने के बजाय शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निष्पादन अत्याधुनिक तकनीक से प्रोसेस किया जा रहा है। इससे आस-पास के पर्यावरण और भूमिगत जल को दूषित होने से बचाया जा रहा है। प्लांट से उत्पादित 11.5 मेगावाट बिजली को ग्रिड में सप्लाई किया जा रहा है, जिससे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम हो रही है और कार्बन फुटप्रिंट में कमी आ रही है। ?

निगमायुक्त ने दिए व्यवस्थाएं और बेहतर करने के निर्देश समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कचरा कलेक्शन से लेकर प्लांट में उसकी प्रोसेसिंग तक की पूरी चेन को और अधिक स्मूथ बनाया जाए। कठौंदा प्लांट हमारे शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिल है। इसकी कार्यक्षमता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। गीले और सूखे कचरे का बेहतर पृथक्कीकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि बिजली उत्पादन की दक्षता और बढ़ सके। ?उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए प्लांट में कचरे के रख-रखाव और सुचारू संचालन के लिए विशेष एहतियात बरतने के भी निर्देश दिए हैं ताकि बिजली उत्पादन की निरंतरता बनी रहे।

**पर्यावरण और शहर के नागरिकों को मिल रहे ये फायदे**


भारी मात्रा में कचरे का तुरंत निष्पादन होने से डंपिंग साइट पर कचरे के पहाड़ नहीं बन रहे हैं, जिससे आस-पास के इलाकों में दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों का खतरा खत्म हो गया है।

# कांग्रेस परिवहन विभाग के पदाधिकारी हुये सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष देवी सिंह पटेल एवं जब ग्रामीण अध्यक्ष सोनू रजक ने प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे सौजन्य भेंट कर नियुक्ति हेतु धन्यवाद किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री पांधे ने दोनों अध्यक्षों का सम्मान किया, एवं निर्देशित किया कि अपनी कार्यकारिणी शीघ्र गठित कर ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को व्यापार में आ रही परेशानियों हेतु संघर्ष आरंभ करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मुन्नी बाई, नीरज दुबे, पवन श्रीवास, करण प्रीत सिंह पांधे, आबिद भाई, कश्मीर सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय काशीनाथ शर्मा की स्मृति में इलाहाबाद बैंक चौराहा से सांई मंदिर सिविल लाइन मार्ग का लोकार्पण आज



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ खबरपालिका के अविस्मरणीय हस्ताक्षर और वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय काशीनाथ शर्मा की पुण्य स्मृति में आज 21 जून 2026 दिन रविवार को जबलपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत नगर निगम द्वारा घोषित पं. काशीनाथ शर्मा मार्ग का भव्य लोकार्पण किया जाएगा।

यह मार्ग इलाहाबाद बैंक चौराहा से साईं मंदिर, सिविल लाइंस तक का मार्ग होगा। कार्यक्रम शाम 05:00 बजे से लोक निर्माण मंत्री, मध्य प्रदेश शासन माननीय श्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता एवं केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, पार्षद श्याम कनौजिया, डॉ. आलोक मिश्रा, श्री कमलेश अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित है।

# पाथेय संगीत का आयोजन- हम काले हैं तो क्या हुआ दिल वाले हैं



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।हम काले हैं तो क्या हुआ दिल वाले हैं,लैला ओ लैला, राज़ की बात कह दूं तो, जैसे एक से बढ़कर एक पुराने फिल्मों के मधुर गीतों का दर्शकों ने झूम-झूम कर आनन्द लिया । अवसर था पाथेय संगीत एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम सदाबहार नगमों की एक यादगार शाम का । कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्था के संयोजक डॉ.कृष्ण कुमार दुबे द्वारा प्रस्तुत गणेश वन्दना से हुआ ।

संगीत संयोजक अनिकेत मनोज देवक ने किया।आयोजन के मार्गदर्शक राजेश पाठक प्रवीण ने पाथेय संगीत की निरंतरता पर प्रकाश डाला।डॉ. मंजू गोरे के भावप्रधान संचालन में पाथेय संगीत के वरिष्ठ कलाकार डॉ.कृष्ण कुमार दुबे, पल्लवी फाटक, मयंक विश्वकर्मा,किरण कोपरिहा,मीनाक्षी शर्मा, दीप्ति रॉय, डॉ.अनिल बाजपेई, अंजन दासगुप्ता, अतुल तिवारी, नेहा खरे,अवनि विश्वकर्मा, शिव कुमार गिरी ने सुपर हिट गीतों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को बांधे रखा।समारोह में जूनागढ़ विष्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. नरेंद्र गोंटिया,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ से जादूगर एस.के.निगम, सुभाष दीक्षित, इंजी.दुर्गेश ब्यौहार, साहित्यकार प्रतुल श्रीवास्तव, अभिमन्यु जैन, डॉ. अनिल वाजपेयी,नृत्य निदेशक मोती शिवहरे,प्रो.एच.बी. पालन,विजय जायसवाल, इंजी.अरुण भटनागर,राजीव गुप्ता प्रकाश दुबे की विशेष उपस्थिति रही।

# मुहर्रम की 5वीं तारीख आज, दरगाहो में हाज़िरी देंगी शहरभर की टिपारियाँ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहादत-ए-इमाम हुसैन की याद में मनाए जा रहे मुहर्रम शरीफ की आज 5वीं तारीख के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से फूलों से सजी पारंपरिक टिपारियाँ निकाली जाएंगी। रात्रि लगभग 10 बजे से शुरू होने वाले जुलूस प्रमुख मार्गों से गश्त करते हुए हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत कचहरी वाले बाबा साहब की दरगाह सहित अन्य दरगाहों में हाज़िरी देंगी।

सिटी कोतवाली क्षेत्र में मर्सिया-ख़ानी

सिटी कोतवाली बाज़ार स्थित मौलाना साहब की गली में मरहूम शेख मुन्ना नियाज़ी एवं मरहूम अब्दुल रऊफ बाबा नियाज़ी के इमामबाड़े में मुहर्रम की 5वीं तारीख पर मर्सिया-ख़ानी का आयोजन किया गया है। यह आयोजन हाजी शेख जमील नियाज़ी, हाजी शेख मुबीन नियाज़ी, हाजी शेख अनवर नियाज़ी तथा हाजी बाबा सैयद शेख अमीन कर्बलाई साहब की सरपरस्ती में होगा।

सदर क्षेत्र की टिपारियाँ भी पहुँचेंगी कचहरी दरगाह

उपनगरीय छावनी क्षेत्र सदर में रात्रि 10 बजे सदर बाज़ार की तमाम टिपारियाँ क्षेत्र की गलियों में गश्त के बाद कचहरी दरगाह में हाज़िरी देंगी। समाजसेवी अकबर ख़ान सरवर, अलीम शाह, इनायत अली शाह, अब्दुल शफीक कुरैशी एवं नासिर बाबा जुलूस की कयादत करेंगे। उन्होंने सभी लोगों से शालीनता एवं अनुशासन के साथ जुलूस में शामिल होने की अपील की है।

गढ़ा क्षेत्र में भी निकलेगी

टिपारियों की गश्त गढ़ा क्षेत्र में रात्रि 10 बजे डॉ. सैय्यद मक़बूल अली कादरी की टिपारी सहित क्षेत्र की अन्य टिपारियाँ गश्त पर निकलेंगी। जुलूस की कयादत मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, सूफ़ी मुबारक कादरी, आफताब कादरी, निज़ाम कादरी, बासित कादरी, असगर कादरी, खलीफा इनायत कादरी एवं जवाहर कादरी करेंगे। गश्त के उपरांत सभी टिपारियाँ गढ़ा बाज़ार स्थित सैय्यद बाबा की दरगाह में हाज़िरी देंगी। यहां मुईन उस्मानी, अजय अवस्थी, शेखर सोनी, उमेश तिवारी, कबीर उस्मानी, खलील सुल्तानी, मोहित प्यासी एवं गौरव मिश्रा द्वारा बाबा साहब का इस्तकबाल किया जाएगा।

बज़्म-ए-सुल्तानी की ओर से परचम कुशाई और लंगर

सैय्यद बाबा की दरगाह में बज़्म-ए-सुल्तानी की जानिब से परचम कुशाई एवं लंगर-ए-आम का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत दरगाह में चादर पेश कर की जाएगी। इस अवसर पर सूफ़ी निज़ाम बाबा, शाहरुख सुल्तानी, शादाब ख़ान, शहवाज़ ख़ान, अरफ़ान ख़ान, अशरफ़ ख़ान, सोहेल फैज़ल ख़ान, अयान ख़ान एवं शरीफ़ ख़ान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

रांझी से भी निकलेगी मशहूर अन्ना बाबा की टिपारी

रांझी क्षेत्र में भी रात्रि 9:30 बजे से विभिन्न टिपारियाँ निकाली जाएंगी, जो कचहरी दरगाह में हाज़िरी देंगी। रांझी की मशहूर अन्ना बाबा की टिपारी रात्रि 10 बजे कचहरी दरगाह पहुँचकर हाज़िरी पेश करेगी।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096



12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
'स्वस्थ आयु के लिए योग' I 'Yoga for Healthy Ageing'
सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, भारत की माननीय राष्ट्रपति
मुख्य अतिथि
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति
गरिमामयी उपस्थिति
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
21 जून 2026 | गैरीसन ग्राउंड, जबलपुर
आयुष से आरोग्य
आयुष शिक्षा का विस्तार
9 आयुष महाविद्यालय संचालित एवं
9 नये आयुर्वेदिक महाविद्यालयों को स्वीकृति
तकनीकी नवाचार
'वैद्य आपके द्वार' योजना अंतर्गत ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन परामर्श की सुविधा,
अब तक 23 हजार से अधिक को मिला लाभ
वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा
उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, कान्हा जैसे 18 प्रमुख धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों पर
वेलनेस टूरिज्म को नई पहचान देते हुए विशेष वेलनेस केन्द्रों का विकास
जन-जन तक स्वास्थ्य का संबल
800+ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुरक्षा,
हर जिला चिकित्सालय में आयुष विंग सक्रिय
"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज यह
विश्व को स्वस्थ, संतुलित एवं एक सूत्र में जोड़ने का सशक्त माध्यम बन गया है।"
-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11046/26
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026